हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 26.3 डिग्री

## आगजनी, डूबने, आकाशीय बिजली, सर्पदंश सहित अलग-अलग कारण से हुई मौत

जिन मृतकों के नाम पर उनके परिजनों को आर्थिक सहायता राशि बांटी गई है, उनकी मौत अलग-अलग आपदा व दुर्घटना में हुई थी।इनमें नदी, तालाब, नहर, नाला, कुआ के पानी में डूबने, आग लगने, आकाशीय बिजली गिरने, तेज आंधी में पेड़ के गिरने, सर्पदंश, बिच्छू डंक जैसी घटनाओं में मृत्यु हुई थी। इनमें ज्यादातर मौतें पानी में डूबने से हुई हैं।



**एक नजर... इतने प्रकरण में इतने वर्षों बाद मिली राशि**

| वर्ष | केस |
|---|---|
| 13 साल बाद | 1 |
| 9 साल बाद | 1 |
| 8 साल बाद | 6 |
| 7 साल बाद | 1 |
| 6 साल बाद | 1 |
| 5 साल बाद | 6 |

| वर्ष | केस |
|---|---|
| 4 साल बाद | 6 |
| 3 साल बाद | 1 |
| 2 साल बाद | 14 |
| 1 साल बाद | 48 |
| 1 साल के अंदर | 149 |

*एक वर्ष में 234 लोगों को 9 करोड़ 33 लाख की आर्थिक सहायता राशि वितरित*

# आपदा में यह कैसी मदद, मौत के 13 साल बाद मिली सहायता राशि, अटके मामलों का अब हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्राकृतिक आपदा व दुर्घटना में मृतक के निकटतम परिजन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत रायपुर जिले में एक वर्ष के दौरान 234 मृतकों के परिजनों को कुल 9 करोड़ 33 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया गया है। यह पहली बार है, जब एक वर्ष में बल्क में आर्थिक सहायता राशि बांटी गई है। यह राशि पाकर मृतक के परिजनों को भी बड़ी राहत मिली है, लेकिन यह राहत कई परिवारों को लंबे समय के इंतजार के बाद मिल पाई है, क्योंकि इनमें ऐसे कई परिवार हैं, जो कई वर्षों से आर्थिक सहायता राशि जारी होने का इंतजार ▶▶|शेष पेज 15 पर

**केस 1**

रायपुर निवासी मृतक सलीम की आग से जलने के कारण 10 दिसंबर 2010 में मृत्यु हुई थी। इसके बाद उसकी पत्नी अमीना खान ने आर्थिक सहायता राशि के लिए आवेदन किया था। यह राशि 11 जून 2024 को जारी की गई।

**केस 2**

गुढ़ियारी रायपुर निवासी मृतक हेमंत निषाद की 17 मई 2017 को आग से जलकर मौत हो गई थी। उसकी मां कुमारी बाई ने सहायता राशि के लिए आवेदन किया था। लंबे इंतजार के बाद 1 फरवरी 2024 को उसे सहायता राशि मिली।



**केस 3**

माना रायपुर निवासी मृतक नितिन तेजवानी की 3 अक्टूबर 2015 को नहर के पानी में डूबने से मौत हुई थी। उसकी मौत के बाद उसके पिता प्रकाश तेजवानी ने आवेदन किया था। इस प्रकरण में 10 जनवरी 2024 को प्रकाश को सहायता राशि मिली है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व कुंभ स्नान करने गए परिवार के घर में धावा बोलकर पांच लाख रुपए से ज्यादा की नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 60 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। चोरी के आरोप में पुलिस ने कुकुरबेड़ा निवासी साहिल सिंह ठाकुर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। साहिल और उसके साथी ने नंदा तिवारी के घर चोरी की थी।

### वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर पौने सात लाख ठगे

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर पौने सात लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हीरापुर निवासी संतोष कुमार राजपूत ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे कॉल कर वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद टास्क पूरा करने का झांसा देकर किस्तों में पौने सात लाख रुपए ठग लिए।

### गाड़ी चलाने के विवाद पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक युवक ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गाड़ी चलाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अभिषेक डडसेना ने मारपीट करने की शिकायत की है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि किरण बिल्डिंग के सामने तीन युवकों ने उसका रास्ता रोककर गाड़ी ठीक से चलाने की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की।

### पहले पेट्रोल डालने के विवाद पर पंप कर्मी को पीटा

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक पेट्रोल पंप के कर्मी ने एक युवक के खिलाफ पेट्रोल खरीदने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भैंसथान स्थित आरएमआर पेट्रोल पंप के कर्मी ने मनोज शराबदी ने जुपिटर वाहन सीजी 15 डीके 3985 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कर्मी ने बताया कि उक्त जुपिटर वाहन के चालक ने अपनी गाड़ी में पहले पेट्रोल डालने की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की।

पिछली बार दर्जनभर लोगों की मौत, अधिकृत तौर पर सामने नहीं आए थे आंकड़े

# इस बार पड़ेगी ज्यादा गर्मी, हीट स्ट्रोक की रोज होगी रिपोर्टिंग, मौत का होगा ऑडिट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आग उगलने वाली गर्मी के दौरान हीट-स्ट्रोक से होने वाली मौत को तय करने के लिए सामने आने वाले मामलों का ऑडिट होगा। पिछले साल राज्य में लू की चपेट में आकर दर्जनभर की मौत के मामले सामने आए थे, मगर अधिकृत तौर पर आंकड़ा सामने नहीं आया था। हीट-स्ट्रोक के मामले में प्रतिदिन राज्य स्तर पर निर्धारित पोर्टल में जिलेवार एंट्री की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग स्तर पर गर्मी के दौरान सामने आने वाले लू के केस के साथ अन्य तरह की बीमारी की निगरानी के लिए जिला से लेकर ब्लाक स्तर तक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि इस बार मौसम विभाग द्वारा सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है।

**जिला से लेकर ब्लाक स्तर पर निगरानी के लिए बनाए गए हैं नोडल अफसर**

### आईडीएसपी की तर्ज पर बनेगी कमेटी

कोरोना महामारी के दौरान इसके नियंत्रण और जानकारी के लिए आईडीएसपी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी तर्ज पर राज्य में किसी भी तरह की आपदा की रोकथाम और निगरानी के लिए कमेटी गठित करने की तैयारी की जा रही है। यह कमेटी किसी भी तरीके की होने वाली हेल्थ इमरजेंसी से निपटने के लिए रणनीति बनाकर काम करेगी। आपदा से निपटने वाली कमेटी नवा रायपुर के स्वास्थ्य संचालनालय से काम करेगी।



### फिलहाल लू के मामले दर्ज नहीं

वर्तमान में गर्मी बढ़ने के दौर में है, मगर लू जैसी स्थिति नहीं बन पाई है। हीट-स्ट्रोक के मामले तभी सामने आते हैं, जब गर्मी लगातार दो से तीन दिनों तक चरम पर होती है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि अभी किसी भी जिले से लू संबंधी शिकायत पोर्टल पर दर्ज नहीं की गई है। अस्पतालों में फिलहाल डिहाईड्रेशन जैसी शिकायत लेकर पीड़ित पहुंच रहे हैं, जिनका इलाज सामान्य तरीके से बचाव के तरीके बताकर किए जा रहे हैं।

### भारी गर्मी के आसार नहीं, 40-41 डिग्री आसपास ही घूमता रहेगा पारा

बादल-बारिश के व्यवधान की वजह से प्रदेश में भारी गर्मी के आसार फिलहाल नहीं हैं। सप्ताहभर तक तापमान 40-41 डिग्री के आसपास घूमता रहेगा। प्रदेश में अभी भी हल्की वर्षा का दौर जारी है, शाम होने के बाद जशपुर में बारिश हुई है। शुक्रवार को राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो नांदगांव से एक डिग्री कम था। अप्रैल के बीते 11 दिनों में राजधानी में 40 डिग्री से ऊपर की गर्मी दो से तीन दिन ही अपना असर दिखा सकी है। शेष दिन आने वाले विभिन्न व्यवधान की वजह सामान्य स्थिति में बीता है। अभी भी गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में है, क्योंकि बदले मौसम की वजह से राज्य में नमी की मात्रा मौजूद है, जो तापमान को तेजी से ऊपर की ओर नहीं जाने दे रही है। पिछले चौबीस घंटे में भी इसी तरह का माहौल रहा। खैरागढ़, छुईखदान, गंडई के बाद शाम होते ही जशपुर में बारिश हो गई।

## संप्रेक्षण गृह में भाई को परेशान नहीं करने की चेतावनी देते हुए युवक ने फेंका दिवाली बम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फिल्मी अंदाज में संप्रेक्षण गृह प्रबंधन को अपने भाई को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ किसी तरह से परेशान नहीं करने की चेतावनी देते हुए एक युवक द्वारा दिवाली बम के साथ धमकी भरा पर्चा फेंकने की घटना सामने आई है। बम फेंकने की घटना बुधवार की बताई जा रही है। संप्रेक्षण गृह में बम तथा पर्चा फेंकने के आरोप में पुलिस ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पुराने रिकार्डेड बदमाश को गिरफ्तार ▶▶|शेष पेज 15 पर

- बम के साथ युवक ने फेंका धमकी भरा पर्चा

### भाई से मिलने गया तब पता चला

संप्रेक्षण गृह में बंद अपने भाई से आकाश मिलने जाता था। इस दौरान आकाश को उसके भाई ने संप्रेक्षण गृह में परेशान करने की जानकारी दी थी। भाई से मिली जानकारी के बाद आकाश ने माना संप्रेक्षण गृह प्रबंधन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से घटना दिनांक की रात दिवाली बम के साथ पर्चा फेंक कर डराने की कोशिश की। पुलिस ने फेंके गए पर्चा के आधार पर आकाश को गिरफ्तार किया है।

# रसोई गैस की कीमत 50 रुपए बढ़ी सब्सिडी पांच साल से 61 रुपए पर फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रसोई गैस की कीमत में एक बार फिर से 50 रुपए का इजाफा हो गया है। रसोई गैस की कीमत बीते पांच साल में कम ज्यादा होती रही है, लेकिन जहां तक सब्सिडी का सवाल है, तो यह बीते करीब पांच साल से 61.24 रुपए पर फ्रीज है। अक्टूबर 2020 में रसोई गैस की कीमत 665 रुपए थी, तब सब्सिडी 61.24 रुपए मिलती थी। इसके बाद से दाम बढ़े ही हैं। एक समय तो कीमत 1124 रुपए तक भी गई, लेकिन इसके बाद भी सब्सिडी 61.24 रुपए ही रही। इस समय रसोई गैस की कीमत राजधानी रायपुर में 924 रुपए है, लेकिन सब्सिडी वहीं पांच साल पुरानी ही है। यही नहीं सब्सिडी कभी आती है कभी नहीं आती। हजारों उपभोक्ताओं को सब्सिडी ▶▶|शेष पेज 15 पर



- 2020 में कीमत थी 665 रुपए, इस समय रायपुर में दाम 924 रुपए

## ढाबा में रंगदारी के बाद बदमाशों ने थाने में मचाया हंगामा एएसआई का कॉलर पकड़ा

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र स्थित संचालित एक ढाबा में शुक्रवार को आधा दर्जन बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों के उत्पात की ढाबा संचालक ने शिकायत थाने में की, तो बदमाशों ने थाने के अंदर हंगामा करते हुए एक एएसआई का कॉलर पकड़ लिया। ढाबा संचालक की शिकायत पर पुलिस आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अनुज शाह ने थाने में हर्षदीप, आकाश जांगड़े, राधे यदु सहित तीन अन्य के खिलाफ ढाबा में गुंडागर्दी कर धमकाने की शिकायत दर्ज कराई है।

- पानी बोतल, सिगरेट का पैसा मांगने के विवाद पर बदमाशों ने किया विवाद

## राइस इंडस्ट्रीज के संचालक से एक करोड़ फिरौती की मांग, गिरफ्तार करने पहुंची तेलंगाना पुलिस

**रायपुर।** तेलंगाना के चर्चित अब्बा हुजूर चावल को लेकर सोशल मीडिया में दुष्प्रचार करने तथा चावल उत्पादन करने वाले राइस मिलर से एक करोड़ फिरौती मांगने के आरोप में नलगोंडा में भाग्यश्री सिल्की सार्टेक्स राइस इंडस्ट्रीज के संचालक संतोष रेड्डी गंथा की शिकायत पर रायपुर स्थित आराध्या एग्रोटेक के संचालक नरेंद्र खेतपाल को तेलंगाना पुलिस गिरफ्तार करने शुक्रवार को रायपुर पहुंची। कारोबारी को तेलंगाना पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने गिरीश कुमार मंडावी की सीजीएम कोर्ट में आवेदन पेश किया है। वहीं कारोबारी बीमारी का हवाला देकर अस्पताल में भर्ती है।

- बीमारी का हवाला देकर कारोबारी अस्पताल में भर्ती




डीडीनगर थाना क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व की घटना

# एमआईसी मेंबर के पति समेत दो को पांच वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट करने के मामले में कोर्ट ने दो लोगों को पांच वर्ष कैद तथा छह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को छह माह अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। जिन लोगों को कोर्ट ने सजा सुनाई है, उनमें एक आरोपी एमआईसी मेंबर सरिता दुबे का पति है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। बचाव पक्ष के वकील एसके फरहान ने बताया कि निचली अदालत में सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे, साथ ही मंगलवार को हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश करेंगे। लोक अभियोजक विजय कुमार यादव के मुताबिक कोर्ट ने आकाश दुबे तथा श्याम प्रकाश साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों के खिलाफ 29 अगस्त 2018 को राजस्व निरीक्षक किशोर कुमार वर्मा ने डीडीनगर थाने में राजेंद्र कुमार वर्मा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

- जमीन सीमांकन करने आए राजस्व निरीक्षक का बेस बॉल बैट से तोड़ा था हाथ दी थी धमकी

**यह है पूरा मामला**

जयनारायण शुक्ला ने तहसील कार्यालय में रिंग रोड एक स्थित एक जमीन का सीमांकन करने आवेदन पेश किया था। आवेदन के आधार पर तहसीलदार के आदेश पर राजस्व निरीक्षक किशोर वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, जागेश्वर नागतोड़े तथा पटवारी नरेंद्र पाण्डेय की टीम मौके पर सीमांकन करने पहुंची थी। टीम द्वारा मौके पर जब सीमांकन कार्य किया जा रहा था, इस बीच आकाश दुबे अपने साथी श्याम प्रकाश के साथ मौके पर पहुंचा और टीम के साथ बदसलूकी कर गाली-गलौज करने लगा। राजेंद्र ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आकाश ने राजेंद्र को उनका ट्रांसफर दंतेवाड़ा कराने की धमकी देते हुए अपने पास रखे बेस बॉल के बैट से हमला कर दिया। बेस बॉल बैट के हमले से राजेंद्र का हाथ टूट गया। कोर्ट ने 15 गवाहों के बयान के आधार पर आकाश तथा श्याम प्रकाश को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।


मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
छ.ग. राज्य बीज एवं
कृषि विकास निगम लि.
के नव नियुक्त अध्यक्ष
मान. श्री राम विचार नेताम
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मान. श्री चन्द्रहास चन्द्राकर
के पदभार ग्रहण समारोह में पधार रहे
गणमान्य अतिथियों का
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री चन्द्रहास चन्द्राकर
छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. छ.ग. शासन
कार्यक्रम
12 अप्रैल 2025, शनिवार, समय : दोपहर 02:00 बजे
स्थान : सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन (मण्डी बोर्ड)
कयाबांधा, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर
प्रकाश शर्मा
देवेन्द्र चन्द्राकर
प्रेम चन्द्राकर
अमन वर्मा
नंदू जल क्षत्री
श्याम साकरकर
अरविंद चन्द्राकर
रिकु चन्द्राकर
दिग्विजय साहू
प्रशांत श्रीवास्तव
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

### रायपुर निवासी मास्टर माइंड दुबई में बैठकर देश के साथ अन्य देशों में कर रहा था ठगी

# साइबर क्राइम का हब बन रहा छत्तीसगढ़ ओडिशा में 10 धरे गए, सात छत्तीसगढ़ के

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

साइबर ठगी के मामले में छत्तीसगढ़ एक बड़ा हब बन गया है। राज्य के अलग-अलग जिलों में हजारों की संख्या में म्यूल अकाउंट ऑपरेट हो रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों में राज्य के जालसाज साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ओडिशा पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सात आरोपी छत्तीसगढ़ के हैं। जालसाजी गिरोह का मास्टर माइंड रायपुर निवासी है, जो दुबई में बैठकर देश के साथ अन्य देशों के लोगों को ठगी का शिकार बनाने का काम कर रहा था। ओडिशा, राउरकेला पुलिस ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी), एमएचए के समन्वय पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के मामले में ठगी के मास्टर माइंड मोवा, अवनी विहार निवासी किशन अग्रवाल सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के 23 बैंक अकाउंट में जमा एक करोड़ 41 लाख रुपए फ्रीज कराने के साथ पौने दो सौ बैंक अकाउंट की पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों के कब्जे से ओडिशा पुलिस ने भारी संख्या में फर्जी सिम कार्ड के साथ एटीएम, मोबाइल, लैपटॉप जब्त किया है।



#### छत्तीसगढ़ के इन सात लोगों की गिरफ्तारी


ओडिशा पुलिस ने किशन अग्रवाल के साथ रायपुर निवासी कुणाल अग्रवाल, जशपुर निवासी गिरधारी सिंह, कोरबा निवासी अजय कुमार, बलौदाबाजार निवासी संदीप सोनी, जांजगीर-चांपा निवासी सौमेंद्र सिंह राजपूत, दिनेश कुमार साहू तथा सारंगढ़ निवासी अभिजीत भारद्वाज को गिरफ्तार किया है।

#### दुबई से संचालित हो रही थी ठगी की दुकान

साइबर ठगी का मास्टर माइंड किशन अग्रवाल ज्यादातर समय दुबई में रहता था। दुबई में बैठकर किशन ट्रेड नाऊ नाम से फर्जी एप बनाकर लोगों को शेयर ट्रेडिंग करने के साथ अन्य झांसा देकर अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी कर रहा था। जालसाज ठगी की रकम हवाला कारोबारियों के माध्यम से रकम एक दूसरे के पास भेजने का काम कर रहे थे। किशन अग्रवाल द्वारा देश के अलावा दक्षिण-पश्चिम एशियाई देशों में ठगी करने संगठित गिरोह तैयार करने की जानकारी ओडिशा पुलिस को मिली है। पिछले दिनों किशन दुबई से रायपुर आया था। इस दौरान पुलिस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ओडिशा लेकर गई।

## निधन

### जगदीश प्रसाद साहू



रायपुर। खमहारडीह शंकरनगर निवासी जगदीश प्रसाद साहू (68) का 11 अप्रैल को निधन हो गया। 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनकी अंतिम यात्रा शक्तिनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बुधराम साहू के भाई, निर्मला साहू के ससुर, मनीष के बड़े पिताजी एवं दिव्यांश के दादाजी थे।

### जानकी देवी नैनवानी



रायपुर। जगदीश होटल के सामने न्यू शांति नगर निवासी जानकी देवी नैनवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. रमेश नैनवानी की पत्नी एवं अजय नैनवानी की माता थीं।

# बंद होगा दवाओं में छूट का प्रलोभन, विज्ञापन करने पर फार्मासिस्ट का पंजीयन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आपसी प्रतिस्पर्धा की वजह से दवाओं की कीमतों में छूट का विज्ञापन करना फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल ने ऐसी प्रक्रियाओं पर रोक लगाने का सर्कुलर जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि जांच में अगर शिकायत सही पाई जाती है, तो दुकान संचालक का फार्मासिस्ट पंजीयन निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा प्रदेश के सबसे बड़े फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विज्ञापन करने वालों की शिकायत मांगी है।



जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र और तेलंगाना के फार्मेसी काउंसिल एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दवाओं की कीमतों में छूट देने किए जाने वाले विज्ञापन पर रोक लगा रखी है। इसी आधार पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा सभी फार्मासिस्टों को एडवाइजरी जारी की गई है। बताया गया है कि दवाओं की कीमतों में छूट दिए जाने का विज्ञापन फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन फार्मेसी एक्ट 1948 के तहत स्थापित नियम है, जिसे वर्ष 2015 से पूरे देश में लागू किया गया है।

#### किराये की डिग्री पर संचालन

*इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल वर्मा ने आरोप लगाया है कि दवा दुकान संचालन के लिए फार्मासिस्ट की डिग्री अनिवार्य होती है। राज्य में फार्मासिस्ट की डिग्री किराये पर लेकर मेडिकल स्टोर्स खोलने की शिकायत भी होती रही है। उन्होंने कहा कि मुनाफे के लिए दवाओं की कीमतों में छूट का फंडा अपनाने से बचने का प्रयास किया जाना चाहिए।*

#### दवा दुकानों के बाहर बोर्ड

*कोरोनाकाल के बाद से राज्य में दवा दुकानों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। संख्या बढ़ने की वजह से व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है। इसकी वजह से राजधानी में विभिन्न दवा दुकानों के बाहर बोर्ड में कीमतों में विभिन्न प्रकार की छूट दिए जाने का जिक्र रहता है। इसे भी नियम के विरुद्ध माना गया है और दवा दुकान संचालकों को इससे बचने की सलाह दी गई है।*

#### आपदा में यह कैसी...

कर रहे थे। इनमें कई परिवार को 4 से 8 वर्ष के बाद, तो कुछेक परिवार को 9 एवं 13 वर्षों के बाद यह राशि मिली है। कलेक्टर गौरव सिंह के कार्यकाल में रायपुर जिले में प्राकृतिक आपदा व दुर्घटना में मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि बांटने में अच्छी पहल की गई है। इसके तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 233 मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए तथा एक मृतक के

## पेज 13 के शेष

परिजन को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है। यह राशि अलग-अलग आपदा व दुर्घटना में हुई मृत्यु होने पर मृतकों के परिजनों को दी गई है।

#### संप्रेक्षण गृह में...

किया है। संप्रेक्षण गृह में बम फेंकने के आरोप में पुलिस ने आकाश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को संप्रेक्षण गृह के बाहर धमाका हुआ।

#### रसोई गैस की...

मिलती भी नहीं है। अब तो उपभोक्ताओं ने सब्सिडी को चेक करना भी बंद कर दिया है। उपभोक्ता कहते हैं चेक करके क्या करना है, सब्सिडी आने का जब ठिकाना ही नहीं है, यही नहीं रसोई गैस की कीमत कुछ भी रहे, सब्सिडी तो बढ़ने से रही।







17

50 क्विंटल फूलों से सजेंगे मंदिर और ...

## सिटी लाइव

### औषधियों की महत्ता समझाने कॉलेज में वाद-विवाद स्पर्धा




**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम महाविद्यालय में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा संचालित केमिकल सोसायटी के सदस्यों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शिक्षा में एआई- बेहतर सीखने के लिए उत्प्रेरक या शैक्षणिक नैतिकता के लिए खतरा और कृत्रिम, सिंथेटिक हर्बल दवाओं से बेहतर या नहीं? जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों ने सामूहिक रूप से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य छात्रों के नवीन विचारों को मंच देने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े बिंदुओं पर विचार-विमर्श करना रहा। उद्घाटन समारोह में केमिकल सोसायटी प्रभारी डॉ. यामिनी ठाकुर बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहीं।

#### औषधियों के सही प्रयोग से ही उपचार संभव

रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. गोवर्धन व्यास ने बताया कि औषधि के सही उपयोग से बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है, इसमें हल्दी, अदरक, नीम, तुलसी जैसी अनेक सामग्री शामिल है। प्राचीन दौर में घरेलू वस्तुओं की मदद से ही बड़ी बीमारियों को भी काबू में किया जाता था, लेकिन आधुनिकता के साथ हर्बल नुस्खों का प्रयोग भी कम होता चला गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. स्वाति जैन ने कहा कि एआई मानव दिमाग द्वारा विकसित तकनीक है। इसकी कुछ सीमाएं भी हैं, इसे जनहित में सही दिशा में उपयोग करना सर्वोत्तम रहेगा। इस मौके पर डॉ. नियति गुरुद्वान भी मुख्य व्याख्याता के रूप में व्याख्यान सत्र में शामिल हुईं।

● विटामिन से भरपूर आम पना, बोरे बासी, मौसमी भाजी फायदेमंद, घरेलू सामग्री से तैयार करें पेय पदार्थ

# पैकेजिंग कोल्ड्रिंक में चीनी की मात्रा अधिक, शरीर को हाइड्रेट रखने दानेदार अनाज की देशी ठंडाई सबसे बेहतर

**भागदौड़ भरी जीवनशैली में सेहत का ध्यान रखना सबसे बड़ी चुनौती है। इन दिनों लोग गर्मी से बचने ठंडे पेय पदार्थ पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसके लिए चिकित्सकों की सलाह और पारंपरिक खानपान की ओर लोगों का रुझान देखा जा सकता है। वहीं युवा पीढ़ी पैकेजिंग फूड एवं कोल्ड्रिंक पर अधिक विश्वास करती है, जो पूर्ण रूप से सेहत के लिए फायदेमंद नहीं माना जाता। इस स्थिति में बाजार और घरों में मौजूद फायदेमंद पारंपरिक वस्तुओं को दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।**

### पैकेजिंग कोल्ड्रिंक्स, सत्तू और देशी ठंडाई में जानें अंतर

*गर्मियों में शरीर को ठंडा और हाइड्रेट रखने के लिए पैकेजिंग कोल्ड्रिंक्स एक सामान्य विकल्प होते हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार, इनमें मौजूद अधिक चीनी और कृत्रिम तत्व शरीर में कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके बजाय प्राकृतिक और घरेलू पेय पदार्थ जैसे सत्तू और देशी ठंडाई न केवल शरीर को ठंडा रखते हैं, बल्कि ये स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं। पैकेजिंग कोल्ड्रिंक्स में उच्च मात्रा में शुगर, रंग और संरक्षक होते हैं, जो अत्यधिक सेवन से शरीर में संक्रमण, मोटापे और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकते हैं। इसके विपरीत, सत्तू और देशी ठंडाई जैसे प्राकृतिक पेय न केवल शरीर में ताजगी को बनाए रखते हैं, बल्कि हाइड्रेशन भी सुनिश्चित करते हैं। सत्तू दानेदार अनाज से बनता है, पाचन क्रिया को सुधारने के साथ-साथ शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। वहीं देशी ठंडाई में दही, खसखस और अन्य प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो गर्मियों में शरीर को राहत देने के साथ-साथ ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।*

**रायपुर।** मौसम बदलते ही व्यक्तियों को थकान, सिरदर्द, पसीना, चक्कर, थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में अकड़न जैसी अनेक समस्याएं होती हैं, जिसका एक मुख्य कारण वर्तमान समय का खानपान है। अव्यवस्थित दिनचर्या शरीर को धीरे-धीरे बीमारियों के नजदीक ले जाती है, जिससे अनेक समस्याओं से व्यक्ति घिरता जाता है। इससे बचने और दिनचर्या को व्यवस्थित करना आवश्यक है, जिसके लिए गर्मी के दिनों में विभिन्न वस्तुओं को भोजन में शामिल करें।



#### बेल का जूस शरीर के लिए फायदेमंद

डीकेएस अस्पताल की डायटिशियन योगिता यादव ने बताया कि गर्मी के दिनों सबसे बेहतर बेल का जूस है, जो शरीर को भरपूर मात्रा में प्रोटीन पहुंचाता है, लेकिन यह शहरी क्षेत्र में कम मिलता है, इसके बदले छाछ या लस्सी शरीर के लिए फायदेमंद है। इसे दिन में दो बार सुबह के नाश्ते और शाम 4-5 बजे के बीच ले सकते हैं।



#### शरीर को हाइड्रेट रखने पिएं आम पना

विटामिन से भरपूर आम पना गर्मी के दिनों के लिए फायदेमंद होता है, जिसे दिन में 2-3 बार पी सकते हैं। विटामिन ए और सी से भरपूर आम पना त्वचा, दृष्टि और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है। शरीर को हाइड्रेड रखने और पाचन तंत्र को मजबूत करने में आम पना सबसे फायदेमंद है। इसे तैयार करने के लिए कच्चा आम, गुड़ या चीनी, जीरा पाउडर, काला नमक, पुदीना पत्ती, मटके का पानी और काली मिर्च को पीस कर बना सकते हैं।



#### गर्मी में चिया सीड के बदले सब्जा सीड फायदेमंद

डायटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि चिया सीड और सब्जा सीड दोनों ही स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में चिया सीड से अधिक सब्जा सीड शरीर में ठंडक बनाए रखने में मदद करता है। चिया सीड वजन घटाने में, दिल को स्वथ्य रखने और सूजन कम करने में मदद करता है। वहीं सब्जा सीड हड्डियों को मजबूत बनाता है, पाचन को सुधारने, शरीर को ठंडा रखने और ब्लड-शुगर कंट्रोल रखने में मदद करता है। सब्जा सीड तुलसी का बीज है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रण करने में मदद करता है।

#### छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन

*डायटिशियन ने बताया कि सदियों से प्रदेशवासी गर्मी के दिनों में बोरे बासी (रात में पानी में रखा चावल) खाना पसंद करते हैं, चिकित्सकों के अनुसार, बासी भात शरीर को लंबे समय तक गर्मी से बचाने में मदद करता है। यह स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है, साथ ही मौसमी भाजी में भी न्यूट्रिशन, जिंक, विटामिन-डी, विटामिन-डी 12 और सल्फर होता है। यह ब्लडप्रेशर, शुगर, पाचन तंत्र और लू से बचाने में मदद सकता है।*

## सिटी इवेंट

### बैंड प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ी संगीत ने मोहा मन, गेड़ी नृत्य बना आकर्षण का केंद्र



**रायपुर।** 14वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) बैंड प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। इसमें देशभर की 15 इकाईयों के कुल 238 रेसुब सदस्यों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रहे। स्वागत पश्चात बैंड की टीमों ने अपनी धुनों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट कर अपनी प्रतिभा का अनुपम प्रदर्शन किया। पाइप बैंड एवं बैंड म्यूजिकल ग्रुप द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी गई। समारोह में सभी बैंड दलों ने शानदार मार्च पास्ट एवं धुनों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी गेंड़ी नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा।

#### ये टीमें रहीं विजेता-उपविजेता

ए बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद, द्वितीय स्थान रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली, तृतीय स्थान पूर्व रेलवे कोलकाता को मिला। इसके अलावा बिगुल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली, द्वितीय स्थान पर उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर और तृतीय स्थान पर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर रहा। पाइप बैंड प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा विशेष बल नई दिल्ली प्रथम रहा।



#### 55 बैंडमैन जयपुर में देंगे प्रस्तुति

मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की और उन्हें पुरस्कार वितरित किया। साथ ही निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ 55 बैंडमैन वर्ष के अंत में जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में आरपीएफ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पैथोलॉजी क्विज प्रतियोगिता में एमबीबीएस स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट

**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस के अवसर पर रोचक और ज्ञानवर्धक पैथोलॉजी क्विज का आयोजन किया गया। इस क्विज का उद्देश्य एमबीबीएस छात्रों की शैक्षणिक क्षमता को बढ़ावा देना, टीम भावना को प्रोत्साहित करना और पैथोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रति उत्साह उत्पन्न करना था। इस क्विज में कुल 6 राउंड्स थे, जिसमें रैपिड फायर प्रश्नोत्तरी भी शामिल थी। प्रतियोगिता में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के 6 टीमों ने भाग लिया, जिनमें हर टीम में 3-3 विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता के दौरान कुछ प्रश्न दर्शकों से भी पूछे गए और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. चंद्रकला जोशी, डॉ. वर्षा पांडे, डॉ. विकास बोंबेश्वर, डॉ. रीति शर्मा, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. अनुभव चंद्राकर, डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर और डॉ. सरोज कुमारी उपस्थित थे।

#### राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस पर आयोजन



#### ये प्रतिभागी रहे विजेता

- प्रथम पुरस्कार : टीम बेसोफिल - आदित्य राठौर, विशाल जांगेल, जयंत खांडे
- द्वितीय पुरस्कार : टीम लिम्फोसाइट - अथर्व गुप्ता, आशना अग्रवाल, अर्पिता अग्रवाल
- तृतीय पुरस्कार : टीम मोनोसाइट - अनुराग पटेल, दीपेश पटेल, मेहुल पटेल

#### विषय पढ़ने में महसूस करते हैं आनंद

क्विज का संचालन क्विज मास्टर्स डॉ. सुदित पाल, डॉ. पुष्कर चौधरी, डॉ. मेधा वर्मा, डॉ. संध्या वर्मा और डॉ. सोनल चंद्राकर द्वारा किया गया। डॉ. अरविंद नेरल ने कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि और उत्साह पनपता है, जिससे वे उस विषय को पढ़ने में और भी आनंद महसूस करते हैं। इस आयोजन से विद्यार्थियों में शैक्षणिक माहौल को प्रोत्साहन मिला और साथ ही उन्हें पैथोलॉजी विषय के प्रति और गहरी समझ प्राप्त हुई।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कल निशुल्क मॉडल टेस्ट पेपर

**रायपुर।** सामाजिक संस्था विकास परिषद द्वारा 13 अप्रैल 2025 को प्रातः 9 से 12 बजे तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक निशुल्क मॉडल टेस्ट पेपर का आयोजन नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में किया जाएगा। इस टेस्ट पेपर में भाग लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवार प्रातः 9 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही संस्था द्वारा पीएससी राज्य सेवा परीक्षा (मुख्य) 2025 की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग भी दी जा रही है। इस कोचिंग में राइटिंग स्किल, टाइम मैनेजमेंट और प्रभावी लेखन के अभ्यास कराए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार इस कोचिंग में भाग ले सकते हैं। राज्य सेवा परीक्षा (मुख्य) 2024 के सात पेपर 26 से 29 जून 2025 तक आयोजित होंगे। इस परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, आबकारी अधिकारी, जीएसटी अधिकारी सहित राज्य सरकार के कई बड़े पदों पर सीधी भर्ती की जाती है।



## मानसिक शांति पाने शहर में बढ़ रहा थेरेपी का चलन

# बिना दवा के साउंड हीलिंग थेरेपी से कम हो रहा तनाव, अवसाद से भी हमेशा के लिए छुटकारा

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** व्यस्त जीवन के बीच शांति और सुकून की तलाश में लोग अब प्राचीन साउंड थेरेपी का सहारा ले रहे हैं। इस थेरेपी का चलन शहर में तेजी से बढ़ रहा है और यह लोगों को तनाव, अवसाद और अन्य मानसिक समस्याओं से राहत देने में मदद कर रही है। साउंड थेरेपी में विशेष ध्वनियां और वाइब्रेशन उत्पन्न की जाती हैं, जो शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। यह थेरेपी न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाती है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में भी बदलाव लाती है। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक साउंड थेरेपी को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक शांतिपूर्ण तथा सुकून भरा हो रहा है।



#### हार्ट चक्र को बैलेंस करने की जरूरत

साउंड थेरेपी के एक्सपर्ट घर पहुंचकर इसकी सुविधा दे रहे हैं। इसके अलावा शहर में निजी हेल्थ सेंटर में भी यह सुविधा उपलब्ध है, जिसके लिए 800 से 2000 हजार रुपए तक शुल्क तय है। हरिभूमि से बातचीत में साउंड हीलिंग एक्सपर्ट डॉ. आरती सिन्हा ने हार्ट चक्र को बैलेंस करने से जुड़े ढेरों तरीके साझा किए। उन्होंने बताया कि शरीर के 7 चक्रों में चौथा चक्र हार्ट चक्र है। यदि यह ब्लॉक्स हो तो लोगों में भावनात्मक समस्या बढ़ जाती हैं। रिलेशनशिप गड़बड़ाने लगते हैं। इसे सुधारने के लिए आपको अपने हार्ट चक्र को बैलेंस करने की जरूरत है।

#### ध्वनि शरीर के चक्रों पर करती है काम

म्यूजिक थेरेपी शरीर के चक्रों पर भी काम करती है। इससे निकलने वाली ध्वनि एक ऊर्जा ही तो है, जो चक्रों के संतुलन में भी मदद करती है। प्रत्येक चक्र को आवृत्ति का उपयोग कर समायोजित किया जा सकता है, जिससे शरीर में ऊर्जा को संतुलित कर मानसिक और शारीरिक लेवल पर अच्छा स्वास्थ्य पाया जा सकता है। 639 हट्‌र्ज की फ्रीक्वेंसी के साउंड से हार्ट चक्र का बैलेंस बेहतर होता है। मेटल बोल पर इस तरह के साउंड बनाए जाते हैं। कुछ जाप भी इसी फ्रीक्वेंसी को पैदा करते हैं। जैसे हार्ट चक्र के लिए यम शब्द का उच्चारण अगर रोज 7 मिनट किया जाए तो चक्र बैलेंस होने में मदद मिलेगी।

#### मूव ऑन करना सीखें

पुरानी दिल दुखाने वाली बातचीत को न भूलना हार्ट पर बोझ की तरह का काम करते हैं और चक्र को घूमने नहीं देते। इसके लिए जरूरी है कि आप लोगों को माफ करना और मूवऑन करना सीखें। इसके लिए हर महीने एक कागज पर जिस भी चीज से मन दुखा है, उसे लिखें। इस कागज को तोड़मरोड़ कर बॉल बना दें और फिर इसे कपूर से जला दें। इससे फॉरगिवनेस की फीलिंग स्ट्रॉन्ग होगी।

## खबर संक्षेप

### पालिका में सामान्य सभा में 23 एजेंडों पर चर्चा



**तिल्दा नेवरा।** शुक्रवार को नगर पालिका तिल्दा नेवरा में अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा की अध्यक्षता में सामान्य सभा की प्रथम बैठक आहूत की गई जिसमें 23 एजेंडे रखे गए थे। एक एक कर चर्चा की गई जिसमें कुछ एजेंडों पर आम सहमति नहीं बन पाई। बाकी एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा ने सभी का आभार मानते हुए कहा कि भूषण गर्मी को देखते हुए सभी वार्डो में पानी की समुचित व्यवस्था हो ऐसा प्रयास किया जाएगा। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया गया है। शनिवार को पूज्य सिंधी पंचायत भवन में यह शिविर आयोजित किया गया है।

### टीला में तीन दिनी मानस स्पर्धा आज

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र के ग्राम टीला (चंपारण) मे 12 अप्रैल से त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो रहा है,इस प्रतियोगिता मे क्षेत्र व दूरस्थ अंचल की मानस मंडली हिस्सा लेगी उक्त कार्यक्रम श्री हरिहर मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से आयोजित हो रहा है,मानसगान प्रतियोगिता का समापन 15 अप्रैल को होगी। उक्त जानकारी एसकुमार साहू द्वारा दी गई है।

### सिंगारभाठा में जस झांकी प्रतियोगिता आज व कल

**अभनपुर।** जय दुर्गा गायत्री महिला मंडली एवं नवजागरण समूह के तत्वाधान व ग्रामवासियो के सहयोग से दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 13 अप्रैल तक सिंगारभाठा मे रखा गया है। प्रतियोगिता मे आसपास सहित क्षेत्र के ख्याति प्राप्त जस झांकी मंडली अपनी प्रस्तुति देगे। उक्त जानकारी बिरेन्द्र यादव द्वारा प्रदान की गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिलयारी।** ग्राम सिलयारी निवासी कुलदीप वस्त्रकार पिता स्व. भागचंद वस्त्रकार उम्र (23) वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिलयारी पुलिस चौकी की सुत्रोनुसार शुक्रवार लगभग 10:30 बजे सिलयारी चौंकी में सूचना मिली कि एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना के बुनियाद पर घटनास्थल पहुंच तो देखा अपने ही घर में मध्य रात्रि में पंखे लगाने के हुक पर सफेद लाईग गमछा फांसी फंदे बनाकर लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक अपने घर में अकेले रहते थे उसके पिता व माता दोनों नहीं था वह एक अनाथ के रूप में अपना जीवन यापन कर रहे थे। और मृतक नशें में हमेशा रहता था क्योंकि उसे समझानें वाले नहीं वह पुरी तरह शराब व गांजा का सेवन करता रहता था। सिलयारी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर शव परीक्षण कर सुपुर्द मृतक के बड़े पापा रामनिवास वस्त्रकार जो बिलासपुर के आरके नगर राजीव विहार के रहने वाले हैं।

### श्री सुदर्शन सेवा समिति ने हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाया

**आरंग।** सदभावना भवन आरंग में श्री सुदर्शन सेवा समिति आरंग द्वारा हिन्दू नववर्ष उत्सव गुरूवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुरारी लोधी ने गीत के साथ किया। इसी क्रम में रुपेश जलक्षत्री ने एकल गीत प्रस्तुत किया, तदुपरान्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राघव जोशी सह विभाग कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में समाज में पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य बोध की आवश्यकता पर बल दिया।

## निधन

### महावीर निर्मलकर

**तरपोंगी।** सड्डू निवासी महावीर निर्मलकर का 10 अप्रेल को शाम निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सड्डू में किया गया। वे भोजराज, ईश्वर, विक्रम निर्मलकर के दादा थे। अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण व ग्रामीण शामिल हुये।



**जन्मोत्सव : सुबह पांच मंगल आरती से अनुष्ठानों का होगा शुभारंभ**

# हनुमान जयंती पर पूजा-आरती, भजन-कीर्तन चालीसा पाठ व भोग-भंडारे की आज होगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धार्मिक नगरी आरंग में गली गली में स्थापित है बजरंग बली। प्रायः नगर के सभी गली मोहल्ले में बजरंग बली की प्रतिमाएं स्थापित है। वर्षभर श्रद्धालुगण यहां पहुंचकर पूजा-आराधना करते हैं। खासकर प्रत्येक



शनि व मंगलवार को भक्तगण यहां पहुंचकर सुंदर काण्ड और हनुमान चालीसा का जाप करते हैं। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज यहां जगह-जगह पूजा-अर्चना,भोग भंडारा, हनुमान चालीसा, सुंदर काण्ड पाठ, भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शनिवार को हनुमान जयंती पड़ने से भक्तों में और भी अधिक उत्साह है। नगर के चारों दिशाओं में छोटे-बड़े मिलाकर सैकड़ों हनुमान प्रतिमाएं है। जिनमें महामाया पारा में विराजमान उत्तरमुखी नारायणबन हनुमान, जगन्नाथ मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी हनुमान, गुप्ता पारा में स्थापित हनुमान, बागेश्वर मंदिर के सामने स्थापित हनुमान, पुराने सब्जी बाजार में स्थित रेणुक देव हनुमान, बरगुडी पारा, बस स्टैण्ड में स्थापित प्राचीन हनुमान प्रतिमाएं प्रमुख हैं। यहां जगह-जगह हनुमान मंदिर स्थापित होने के पीछे लोगों के अपने-अपने तर्क हैं।

## श्री हनुमानजी जन्मोत्सव पर आज मंगल आरती व विविध अनुष्ठान



*रायपुर। मठपुरेना वाटर फिल्टर परिसर में स्थापित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में श्रीश्रीश्री हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को विविध अनुष्ठान होंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार हनुमान जयंती पर 57 साल बाद पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग है। यह संयोग राज योग में वृद्धि करने वाला है। इसलिए हनुमानजी की प्रातः पांच बजे मंगल आरती से अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। पंचग्रही दुर्लभ संयोग की सिद्धि के लिए मंदिर परिसर पर स्थित हनुमान जी के विग्रह की विशेष आराधना की जाएगी। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि हनुमान जी का जन्म सुबह पांच बजे होने की मान्यता है उसी के अनुरूप सारे अनुष्ठान सुबह से प्रारंभ किए जाएंगे। पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मंदिर 24 घंटे श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ जारी है। पुजारी घनश्यामदास वैष्णव, दीनदयाल साहू, रामचरन पटेल, मुक्ति साहू, बाबूलाल साहू, किशोर गुरुजी का मानस पाठ में सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर डीडी साहू एंड पार्टी द्वारा हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। महिला मंडली की ओर से बसंती मानिकपुरी के नेतृत्व पर विशेष भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा अन्य भक्तों के द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जयंती समारोह का समापन भंडारे के साथ किया जाएगा।*

### तांत्रिक शक्तियों का होता है शमन

पहले लोग मंत्र-तंत्र में अधिक विश्वास करते थे। इसलिए हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करने से तांत्रिक शक्ति परेशान नहीं करती ऐसी मान्यता के कारण भी लोग जगह-जगह हनुमान स्थापित करते थे। आरंग में प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है।इस दिन प्रायः सभी हनुमानजी की प्रतिमाओ में लोग सिंदूर का लेप कर विशेष रूप से पूजा अर्चना करते हैं। नगर के महामाया तालाब के किनारे विराजमान उत्तरमुखी नारायणबन हनुमान नगर का सबसे बड़ा हनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतिमा नारायणबन तालाब से प्राप्त हुआ है। यह प्रतिमा काफी प्राचीन है। नारायणबन तालाब से प्रकट होने के कारण ही इस प्रतिमा व मंदिर का नाम नारायणबन पड़ा। कहा जाता है लोगों ने पहले इस प्रतिमा को तालाब से निकालकर बैलगाड़ी से अन्य जगह ले जाने का काफी प्रयास किया लेकिन प्रतिमा रखते ही गाड़ी टूट जाता था या कोई न कोई व्यवधान आ जाता था। तब बड़ी मुश्किल से यह प्रतिमा महामाया तालाब के किनारे लाया गया और इस प्रतिमा को यही स्थापित कर दिया गया। यह मंदिर का गर्भगृह पत्थर से निर्मित है जो काफी प्राचीन है। बाद में मंदिर के मण्डपद्वार को जीर्णोद्धार कराया है। यह मंदिर जन आस्था का केंद्र है।

# प्रदूषण से कई पंचायत प्रभावित स्पंज प्लांट का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



- प्लांट के अनियंत्रित भारी वाहनों से कोदवा जांजगीरा बस्ती दुर्घटना की आशंका बनी रहती है

भावेश बघेल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमिटी (ओबीसी विभाग) ने मीडिया से बात करते हुए बताया की आस पास के सभी पंचायतो से लगातार शिकायत मिल रही थी की प्लांट संचालक द्वारा नियमो का उलंघन किया जा रहा है 24 घंटे प्लांट से काला धुँवा निकल रहा है जो की छेत्र के खेतो को तालाबों को और वहा के नागरिकों के लिए हानिकारक है प्लांट से लगा हुआ स्कूल है वहा पढ़ने वाले विद्यार्थीयों के स्वास्थ ख़राब होने की भी जानकारी मिली है प्लांट के भारी वाहन अनियंत्रित स्पीड मे कोदवा जांजगीरा बस्ती मार्ग से होते हुए जाते है जिससे पहले भी दुर्घटना हुई है और बड़ी दुर्घटना होने की सम्भावना है। काफ़ी दिनों से ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत प्लांट प्रबंधक को की गई थी लेकिन इसके रोकथाम के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। तो आज बड़ी संख्या मे ग्रामीण आक्रोषित होकर प्लांट का घेराव विरोध प्रदर्शन करने पहुचे थे। भावेश बघेल एवं ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर जिला रायपुर को ज्ञापन दिया गया एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से भी फ़ोन लगाकर प्लांट प्रबंधक का शिकायत किया गया। बीते विधानसभा सत्र मे भी विधायक अनुज शर्मा द्वारा प्लांट से लगे हुए स्कूल को लेकर प्रशन उठाया गया था। उसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कारवाही नहीं किया गया और भारतीय जनता पार्टी शुशासन तिहार मानाने मे व्यस्त है भावेश बघेल ने चेतावनी देते हुए काहा की अगर 1 हफ्ते के अंदर अगर प्लांट के ऊपर कारवाही नहीं हुई तो और उग्र आंदोलन करेंगे इस विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से उपस्थित प्रकाश सागरवंशी जनपद सदस्य, आशीष वर्मा सरपंच ग्रामपंचायत रैता, जांजगीर उपसरपंच केदार वर्मा, कैलाश जायसवाल, प्रमोद पल, दिव्यानाथ वर्मा,कुंदन वर्मा, संयम ठाकुर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में सुविधाओं पर चर्चा



**तिल्दा नेवरा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर मंडल के तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन में परामर्शदात्री सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसकी बैठक शुक्रवार दोपहर में आयोजित की है। उक्त बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है। एवं कई एजेंडे तैयार कर रेलवे के उच्च अधिकारियों के भी भेजा गया है।

अमृत भारत योजनांतर्गत तिल्दा नेवरा रेल्वे स्टेशन में काम काफी धीमी गति से जारी है, सुबह 10 बजे गेवरारोड से रायपुर तक जाने वाली ट्रेन की कोरोना काल से बंद है जिसे चालू करने, झारसुगडा गोंदिया जेडी ट्रेन में बोगी बढ़ाने, तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन के सभी प्लेट फॉर्मो में शौचालय, पानी सहित अन्य समुचित व्यवस्था, जोन से चलने वाली सभी ट्रेनों का तिल्दा नेवरा में स्टॉपेज, तिल्दा जोता रेलवे फाटक घंटों बंद रहता है जिसका हल निकालने, सहित यात्री सुविधाओं व तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन के समुचित विकास के मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। इस अवसर पर रेलवे के सीआई नाग जी, स्टेशन मास्टर सुमन झा, जोनल रेलवे सलाहकार समिति सदस्य दीपक शर्मा, हेल्थ इंस्पेक्टर कमलेश सहित नवनियुक्त तिल्दा नेवरा रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यगण सुरेश शर्मा, दिलीप वर्मा, संजय भोजवानी, राजकुमार गेंदें, स्वप्निल श्रीवास्तव उपस्थित हुए।

# दोंदे खुर्द में सैकड़ों वृक्षों की अवैध कटाई पर रोक लगाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सिलयारी।** राजधानी रायपुर से मात्र 16 किलामीटर दूर एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा से मात्र 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दोन्दे खुर्द के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीते कुछ दिनों में लगभग 200 फलदार , सागौन एवं अन्य उपयोगी पेड़ो की कटाई नवनिर्वाचित सरपंच अशोक कुमार साहू एवं पंच सुरुचि कश्यप द्वारा कराए जाने की बात सामने आया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सृष्टि सेवा संकल्प संस्था द्वारा जब वन विभाग के अधिकारियों एवं कलेक्टर रायपुर से निवेदन किया गया कि पेड़ो की कटाई पर रोक लगाया जाए तब जाकर वन विभाग के अधिकारीयो के द्वारा पेड़ो की कटाई पर रोक लगाया गया दूसरे दिन तहसीलदार एवं पटवारी के द्वारा पंचनामा कार्यवाही किया गया। तहसीलदार के सामने कॉलोनी वाशियो ने बताया कि हमारे मना करने के बावजूद बिना किसी ठोस कारण एवं बिना किसी शासकीय अनुमति के पेड़ों की कटाई सरपंच एवं पंच द्वारा कराया गया है जो गलत है।

**पेड़ों की निर्मम हत्या का विरोध -** आज सृष्टि सेवा संकल्प संस्था एवं ग्राम वासियों ने पेड़ो की निर्मम हत्या के विरोध में मनुष्य के मृत्यु उपरांत जिस प्रकार शोक सभा आयोजित करते है वैसे ही पेड़ो की निर्मम हत्या के विरोध में श्रद्धाँजलि सभा का आयोजन कर कटे हुए पेड़ो की पूजा कर उन्हें फूलमाला पहनाकर तथा मोमबत्ती जलाकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। सांकेतिक रूप से पेड़ो की कटाई स्थल से रामजानकी मंदिर तक कैंडल मार्च निकालकर ग्रामीणों द्वारा सरपंच एवं पंच को प्रभु श्री रामचन्द्र जी सद्बुद्धि दे यह कामना भी किया गया। सृष्टि सेवा संकल्प संस्था एवं ग्रामीणों ने शासन से निवेदन किया है कि जो भी व्यक्ति इस कुकृत्य में शामिल है उनके ऊपर वैधानिक कार्यवाही किया जाए। श्रद्धाँजलि सभा में मुख्य रूप से सृष्टि सेवा संकल्प के सदस्य , पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल भारती , पूर्व सरपंच अम्मी रेड्डी , भाजपा नेता सूरज टंडन , नलिनी कौशल , राजू वर्मा , मनमोहन सिंह , देवकुमार , अलेन सोनवानी , लालू थवाईत , भूपेंद्र , राजा , रेखा गुप्ता , विजलक्ष्मी साहू , मीना छेतीजा , वासु रेड्डी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

# दो माह बाद भी पालिका अध्यक्ष के लिए चेंबर की नहीं हुई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी




सुशासन तिहार 2025 छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित एक महत्त्वपूर्ण अभियान है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना, विकास कार्यों में गति लाना और जनता एवं सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है

इसी कड़ी में आज विभिन्न मांग को लेकर राजधानी से लगे नगर पालिका मंदिर हसौद के पार्षदों ने शासन से निम्न मांग रखा जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चैंबर उपलब्ध कराने की मांग की है कांग्रेश पार्षदों ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव हुए 2 माह हो गए है लेकिन अभी तक नगर पालिका सीएमओ ने अभी तक नगर पालिका अध्यक्ष चेंबर का व्यवस्था नहीं करवा पाए जिससे मंदिर हसौद की आम जनता को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है नगर पालिका अध्यक्ष से मिलने के लिए मंदिर हसौद की जनता विभिन्न समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं को अवगत कराने के लिए नगर पालिका कार्यालय का चक्कर लगा रहे है और खोज रहें हैं।

इस भारी समस्या को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए नगर पालिका मंदिर हसौद अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी का कहना है कि मैं कांग्रेस पार्टी के समर्पित होने के नाते मंदिर हसौद में कांग्रेस की नगर पालिका अध्यक्ष जीत जाने के वास्ते आज हमें 2 महीना हो गए है हमें चुनाव जीते हमारी बैठक चैंबर की व्यवस्था नहीं करा पाए सीएमओ जिसको लेकर आज मैं खुले आस मान के नीचे तपती धूप में अपनी जन चौपाल लगाया जिसमें मंदिर हसौद के ग्रामीणों के कई समस्या का निराकरण किया गया। अध्यक्ष की बैठक चैंबर को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा पिल्ले से जानकारी लेने पर मीडिया को बताएं कि नगर पालिका अध्यक्ष की चेबर तैयार कर रहे हैं कुछ दिनों में तैयारी हो जएगी।

# मानस गान सम्मेलन में भानसोज पहुंचे विधायक का जोरदार स्वागत



**आरंग।** ग्राम भानसोज के मंडी मैदान में बुधवार से जारी त्रि-दिवसीय प्रदेश स्तरीय मानस गान सम्मेलन मे विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। उनका आयोजनकर्ता व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मानस गान मंच से अपने सम्बोधन में गुरु साहेब ने संत तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस की महिमा का बखान करते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का सजीव मार्गदर्शक है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत जीवित रहती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ने का अवसर मिलता है। मानस गान में भक्ति, साहित्य और संगीत का जो संगम होता है, वह आत्मा को शांति प्रदान करता है। उन्होंने आयोजन समिति को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी व भविष्य में ऐसे आयोजनों को हर सम्भव सहयोग करने की बात कहते हुए 7 लाख रु देने की घोषणा की। जिस पर बड़ी संख्या रामायण प्रेमियों ने घोषणा का ताली बजाकर स्वागत किया।

# भाजपा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में जनसेवा पर जोर



**आरंग।** सतनाम भवन आरंग में विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त करने तथा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने हेतु आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने पार्टी की नीति, विचारधारा तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर जनसेवा के कार्य में तत्पर रहने का आह्वान किया। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, छत्तीसगढ़ राज्य चर्म शिल्पकार आयोग के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन सहित महिला मोर्चा, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सक्रिय सदस्य एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने एवं संगठन की मजबूती के लिए एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

# सुशासन तिहार का ग्राम गुखेरा में रहा असरदार



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन की विकास योजना सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुखेरा के समाधान पेटी में बड़ी संख्या में आवेदन आए। गुखेरा सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने कहा कि सुशासन तिहार अर्थात समस्याओं का समाधान के अंतर्गत लोगों में जागरूकता है एवं समस्याएं सामने आ रही है तथा वे भी गांव के विकास के लिए संकल्पित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जवला गैस सिलेंडर मांग, प्रेरक की मांग, भूमिहीन के द्वारा राशि की मांग, राशन कार्ड संबंधित, सीसी रोड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र की मांग, बिजली पोल की मांग, रविदास भवन की मांग, नाली निर्माण मांग आदि आवेदन समाधान पेटी में आए। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष एवं पूर्व उपसरपंच रेखराज देवांगन, उप सरपंच गंगाबाई कुर्रे, पंचगण डेविड ढीढी, गोवर्धन करकेल, कुशल देवांगन, गुलास्पा रात्रे, केवरा यादव, सनत बघेल, बुगाला कुर्रे, गायत्री दीनदयाल कुर्रे, रोहित बघेल व दामिनी रात्रे (कृषि मित्र), मोहन मति सोनवानी (सक्रिय महिला), पार्वती देवांगन (पशु मित्र), प्राथमिक प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रानो ठाकुर गोस्वामी, रोजगार सहायक राधिका रात्रे, आंगनबाड़ी से सीमा करकेल एवं आरती देवांगन तथा ग्रामवासी घासीराम कुर्रे, राकेश नेहरू, जागेश्वर रात्रे, प्रेमचंद नेहरू, दिलीप कुर्रे, विनोद ढीढी, सलेद भारती, डेवन चौहान आदि तथा बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

**नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने बैठक में नागरिकों ने दिए सुझाव**

# शहर विकास योजना के संबंध में की गई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर पालिका अभनपुर के विकास व उत्थान के लिए कार्य योजना बनाने के लिए नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव एवं जन सहयोग के लिए विधायक इन्द्रकुमार साहू व नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे की उपस्थिती मे बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें शहर विकास योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मोहन अग्रवाल, रमेश दास वैष्णव, प्रदीप शर्मा, नीरज गांधी, दिलीप अग्रवाल, आरएस चौरसिया,गोपाल गांधी, मनीष झाबक, हरिश तारवानी, घासुराम साहू, पूर्व पार्षद रामचरण चक्रधारी, प्रेमलाल बंजारे, नागेन्द्र सिन्हा, किशोर शर्मा, हरीश पांडे, खुशवंत सिन्हा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खेमराज कोसले आदि लोगों ने अलग-अलग विषयों पर आगामी 5 साल में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। शहर विकास योजना अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में प्रमुख रूप से निकाय क्षेत्र मे विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उत्कृष्ट आयोजन के लिए 500 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण, निकाय क्षेत्र के खिलाडियो को बेहत्तर प्रदर्शन के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण, बच्चों एवं युवाओं को खेल के लिए प्रोत्साहित करने खेल मैदान का उन्नयन, निकाय में राजस्व वृद्धि एवं बेरोजगारो को रोजगार संसाधन उपलब्ध कराने व्यवसायिक परिसर, निस्तारी तालाबों में जल भराव एवं सौंदर्यीकरण, बच्चों तथा युवाओं के मनोरंजन एवं वाकिंग के लिए उद्यान सह पुष्पवाटिका, बच्चों तथा युवाओं के उत्कृष्ट शिक्षा के साधन उपलब्ध कराने लाईब्रेरी का निर्माण, दाह संस्कार के लिए सभी मुक्तिधामों को सर्वसुविधा युक्त निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, नगर में पेय जल प्रदाय क्षमता को विस्तार के लिए नवीन फिल्टर प्लांट का निर्माण।

### विकास कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा

विधायक इन्द्रकुमार साहू ने इन सब विकास कार्यो के लिए स्थान चयनित करने नागरिकों से सुझाव लिए गए जिससे विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्यों में कोई बाधा न पहुंचे तथा नगर का समुचित विकास किया जा सके। नगर के विकास मे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने की स्थिती में उपस्थित लोगों से सहयोग देने कहा गया। विधायक ने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी को न्याय संगत कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए है। विधायक ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय का सबसे नजदीक अभनपुर शहर है उसके अनुरूप यहां का विकास होना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने कहा कि सभी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। नगर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना एवं पालिका की आर्थिक स्थिती सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता होगी।

# आरंग में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की मांग की




**आरंग।** आरंग महानदी रेल्वे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज एवं टिकट आरक्षण केन्द्र खुलवाने की मांग को लेकर नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन के पत्र पर सांसद बृजमोहन ने जनसुविधा की दृष्टि से विधानसभा आरंग जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में टिकट आरक्षण केन्द्र सहित एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज की अनुमति देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह करते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र प्रेषित किया है। आपको बता दे की नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने अपने पत्र में आरंग रेलवे स्टेशन मे टिकट आरक्षण केन्द्र एवं तीन एक्सप्रेस ट्रेन 01. कोरबा विशाखापट्टनम एक्प्रेस (लिंक एक्सप्रेस) 02. दुर्ग पुरी इंटरसिटी 03. हजरत निजामुद्दीन से विशाखापट्टनम (समता एक्सप्रेस) का स्टापेज प्रदान करने की मांग की है। जिसे सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए उक्त मांगो को पूरा करने तत्काल रेल मंत्री को पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब तथा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन जब बाजार समिति आरंग के अध्यक्ष थे उस समय से इस हेतु लगातार प्रयासरत है।

## सिटी लाइव

# पर्ची निकालकर तय करेंगे कौन-सा आयोजन किस मेंबर के घर होगा



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम महिला केंद्र की मासिक बैठक गुरुवार को रचना रविंद्र ठेंगड़ी के घर में हुई। इसमें एक पर्ची निकालकर आगामी आयोजन किसके घर में होगा यह निर्णय लिया गया। पर्ची से तय किया जाएंगा कि कौन सा त्योहार केंद्र के किस सभासद के घर पर मनेगा। सभासद बनाने के लिए अभियान को गति देने पर जोर दिया। राजश्री वैद्य ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि सालभर के त्योहारों को केंद्र स्तर पर मनाने के लिए एक माह पहले पर्ची निकालकर सुनिश्चित करेंगे कि आसन्न पर्व केंद्र के किस मेंबर के घर पर मनाया जाएगा। जिन घरों में महाराष्ट्र मंडल के एक ही आजीवन सभासद है, उन घरों में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सदस्य बनाएंगे।

### प्रयास से सरोकार को मिलेगी मजबूती

इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि केंद्र के किसी भी कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में कोई भी ऐसी महिला शामिल न होने पाए, जो मंडल की सदस्य ही न हो। इस तरह अनेक निर्णय बैठक में लिए गए। इस मौके पर संयोजिक श्यामल जोशी, सह सचिव अलका कुलकर्णी, अचला मोहरीकर, अपर्णा जोशी, प्राची जोशी, चित्रा बल्की, स्मिता बल्की प्रमुख रूप से शामिल हुईं। बैठक के समापन पर रचना ठेंगडी ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक ताने-बाने को इस तरह के प्रयास से नई दिशा और इसके साथ ही मजबूती मिलेगी।

## धर्म लाइव

# अति रुद्र महायज्ञ में आज शामिल होंगे शंकराचार्य, पूर्णाहुति में उमड़ेगी भीड़



रायपुर। शहर के नजदीक ग्राम निमोरा में अति रुद्र महायज्ञ का भक्तिमय आयोजन 4 अप्रैल से जारी है। महायज्ञ में शामिल होने और यज्ञ स्थल की परिक्रमा करने के लिए जहां भक्त दूर-दूर से यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं 12 अप्रैल को यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर शंकराचार्य भी आशीर्वाद देने के लिए पहुंच रहे हैं। यज्ञ में जहां देशभर से साधु संत भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हैं। इस अति रुद्र महायज्ञ की खास बात यह है कि पिछले 5 वर्षों से आयोजक पीलूराम साहू द्वारा इस महायज्ञ के लिए देशभर के धर्म स्थलों की मिट्टी और जल लाने का क्रम चल रहा था। वहीं महायज्ञ में प्रतिदिन चार से पांच हजार भक्त पहुंच रहे हैं। संत महंत के प्रवचन के बाद ही दोपहर से आयोजित भंडारे में भोजन प्रसादी भी ग्रहण कर रहे हैं।

### एक दिवसीय प्रवास पर शंकराचार्य

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज का 12 अप्रैल को एक दिवसीय रायपुर हो रहा है। उनके मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि स्वामीजी प्रयागराज से दोपहर साढे 12 बजे माना विमानतल पहुंचेंगे। इसके बाद निमोरा में महायज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होंगे। जहां 'अभिषेकात्म होमात्मक अतिरुद्र महायज्ञम्' की पूर्णाहुति में भाग लेंगे। मंच पर पादुका पूजन के बाद आशीर्वचन देंगे।कथा व्यास पर आचार्य प्रमोद शास्त्री महाराज एवं यज्ञाचार्य श्रीराम प्रताप शास्त्री महाराज द्वारा अति रुद्र महायज्ञ को गति दी जाएगी।

## समाज लाइव

# सिंधी भाषा दिवस पर नेत्रहीन वक्ता विनोद के उद्बोधन ने किया मंत्रमुग्ध



रायपुर। भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ का सिंधी भाषा दिवस एवं डॉ. हेडगेवार जयंती पर कार्यक्रम सिंधु पैलेस शंकर नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता नागपुर से पधारे डॉ. विनोद आसूदानी रहे। नेत्रहीन (सूरदास) डॉ. आसूदानी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने डॉ. हेडगेवार द्वारा संस्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परिकल्पना का संपूर्ण सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयलाल शदाणी रहे। मुख्य वक्ता डॉ. विनोद आसूदानी नागपुर, साईं मुरलीधर उदासी रहे।

### इनकी उपस्थिति में आयोजन

अध्यक्षता लधाराम नैनवानी ने की, वहीं विशेष अतिथि महापौर धमतरी रामू रोहरा, सीए चेतन तारवानी, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता भावनानी, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा जेठानी, नेहा अश्पलिया, नवनिर्वाचित पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, पार्षद एवं जोन-10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी को मोमेंटो एवं पोर्टेट देकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, बीएसएस संरक्षक, अशोक नैनवानी, मुरली केवलानी, अशोक माखीजा, प्रहलाद शादीजा, राजकुमार बजाज, राजेश वासवानी, राजेश पोपटानी, राजेश गुरनानी, प्रताप पोपटानी, टीकम नागवानी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन बीएसएस प्रदेश महासचिव मुरलीधर शादीजा ने किया और आभार टीकम नागवानी शहर अध्यक्ष ने जताया।


● राजधानी में रामभक्त हनुमान जन्मोत्सव को लेकर उत्साह, आज मंदिरों समेत कई जगह होंगे आयोजन


# 50 क्विंटल फूलों से सजेंगे मंदिर और मंच, पंखिड़ा फेम सिंगर राजेश मिश्रा हनुमान जन्मोत्सव पर बांधेंगे समां

'इस बार भगवान राम की तरह ही भक्त हनुमान जन्मोत्सव को महोत्सव की तरह भव्य बनाने को लेकर शहर के युवाओं में क्रेज बढ़ने लगा है। आस्था के प्रतीक रामभक्त हनुमानजी के मंदिरों ही नहीं, बल्कि होने वाले बड़े आयोजनों के लिए मंच सजाने पर करीब 50 क्विंटल गेंदा, मोंगरा, चमेली और गुलाब की खपत होने वाली है। इसके चलते फूल बाजार में रौनक रही। शनिवार को पंखिड़ा फेम गायक राजेश मिश्रा एंड ग्रुप भजनों की धारा बहाने आ रहे हैं। रामभक्त हनुमान के जन्म को उत्सव की तरह मनाने की तैयारी है।'



**रायपुर।** पुरानी बस्ती सहित अलग-अलग क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव पर दिनभर आस्था का सैलाब उमड़ने वाला है। मुख्य मार्गों, बस्तियों और कॉलोनियों में भी भजन संध्या की श्रृंखला सजने वाली है। इसके लिए भव्य स्टेज सजाने के साथ ही भोग-भंडारे के लिए दिनभर पंडाल सजाने में जुटे रहे। इस क्रम में रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में उत्सव की श्रृंखला सजेगी। शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में सर्वधर्म संकटमोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी, कमलेश तिवारी के साथ महेंद्र सिंघानिया, पल्लवी मनुदेव ने यह जानकारी दी। सुबह 8 बजे भगवान का अभिषेक और श्रृंगार होगा। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद 1 बजे से भंडारा शुरू होगा। इसमें सीएम विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सभी विधायकों और महापौर को भी आमंत्रित किया है।





### हनुमानजी का दुग्धाभिषेक और श्रृंगार

राधाकृष्ण मंदिर समता कालोनी में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 11 अप्रैल को शाम 5 बजे से भजन गायक लल्लू महाराज एवं अंशु महाराज द्वारा संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ के साथ भजन पेश किया गया। वहीं जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी हैं। समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, सचिव रमाशंकर पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल व प्रचार-प्रसार प्रभारी सत्येन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सुबह 6 बजे हनुमान जी का दुग्धाभिषेक और श्रृंगार किया जाएगा।

### राहगीरों को सुंदरकाण्ड पुस्तिका बांटी

चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को राम भक्त हनुमान का जन्म हुआ था। आराध्य देव के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर हनुमान सेवा दल ने राजीव गांधी चौक क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों को 2051 सुंदरकाण्ड पुस्तिका का वितरण किया। सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा और महामंत्री प्रशांत दुबे ने बताया कि सुंदर कांड पाठ करने से बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है। इसका पाठ रामचरित मानस में उनके योगदान और आत्मशांति के लिए किया जाता है। युवाओं को धार्मिक भावना से जोड़ने के लिए पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

### आकर्षक झांकी के साथ भजन संध्या

हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी द्वारा इस बार भी धूमधाम से जन्मोत्सव मनाने की तैयारी है। समाज सेवक बसंत अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी गुढ़ियारी वाले बाबा की आकर्षक झांकियों के साथ मुंबई के जाने-माने सिंगर एवं पंखिड़ा फेम पं. राजेश मिश्रा एंड ग्रुप द्वारा शाम 7 से 11 बजे के बीच भजनों की श्रृंखला सजाई जाएगी। भव्य स्टेज पर होने वाली प्रस्तुति के लिए तैयारियों का सिलसिला चल रहा है। भक्तिमय भजनों की इस श्रृंखला में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी वीणा सिंह, सीएम विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय के साथ ही विधायक राजेश मूणत प्रमुख रूप से शामिल होंगे। दर्शकों को बैठक व्यवस्था से जोड़ने के लिए वॉलंटियर्स को जिम्मेदारी दी गई है।



### फन फेस्टा गार्डन में सजेगी श्रृंखला

शैलेंद्र नगर के फन फेस्टा ग्राउंड में जेसीआई वामा केपिटल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रात 8 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्थान (बीकानेर) के सुप्रसिद्ध भजन गायक, भक्त पिंटू स्वामी सिद्धार्थ डागा एंड ग्रुप द्वारा संगीतमय भजनों से भक्ति रस की वर्षा करने आ रहे हैं। वहीं तात्यापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्तिमय माहौल में जन्मोत्सव मनाने की तैयारी है। सुबह 5 बजे से पूजा-पाठ शुरू होगा। मध्यरात्रि तक पं. शशांक देशपांडे श्री हरि कीर्तन करेंगे। सुबह 11 बजे से सुंदरकांड पाठ होगा। वहीं शाम 7 बजे महाराष्ट्र मंडल के सभासद, भक्तों के साथ रामरक्षा स्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे।

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ दूसरी बार राजधानी में करेगा पहल

# दुखद जीवन से निजात दिलाने 13 को आर्टिफिशियल लिम्ब माप कैंप

**रायपुर।** राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान लगातार दूसरी बार छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों को दुखद जीवन से निजात दिलाने के लिए कैंप लगाने जा रहा है। इस निशुल्क शिविर का आयोजन 13 अप्रैल को रायपुर के जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में किया जाएगा। संस्थान के मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने आयोजन के संबंध में पत्रकारवार्ता में बताया कि ऐसे लोग, जा हादसे या बीमारी के चलते हाथ-पैर गंवाने से अंगविहीन हो गए हैं। पुराने भारी या ओल्ड तकनीक वाले कृत्रिम अंग के चलते दुखभरी जिंदगी जी रहे हैं। ऐसे दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है।



### दिव्यांगों को मजबूत करने की पहल

श्री गौड़, आश्रम प्रभारी हेमंत कुमार और संयोजक भरत पालीवाल ने शिविर का पोस्टर जारी किया। हमने शहर के सम्मानित लोगों और मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। शिविर में आने वाले दिव्यांगजन अपना आधारकार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाणपत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आए। शिविर के माध्यम से संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल दिव्यांगों को मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी से जोड़ चुके हैं। मानसिक, शारीरिक, आर्थिक दृष्टि से दिव्यांगों को मजबूत करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल कर रहे हैं।

### सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चलेगा कैंप

पद्मश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव की प्रेरणा से संस्थान 40 वर्षों से मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों को मदद करने के लिए दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर सुबह 8 से शाम 5 बजे के बीच चलेगा। शहर में यह दूसरा अवसर होगा, जब कुंआ खुद चलकर प्यासे के पास आ रहा है, ताकि दिव्यांगों को ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े। कैंप में दिव्यांगों का विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक की टीम द्वारा देखा जाएगा। उच्च गुणवत्ता युक्त, वजन में हल्के, टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग करने माप भी लिया जाएगा।

# एक घंटे श्रमदान करके 30 युवा कर रहे हैं तालाब की सफाई

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हर दिन युवाओं के ग्रुप द्वारा स्वच्छता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बिरगांव के मजदूर नगर वार्ड स्थित तालाब की साफ-सफाई का सिलसिला 6 अप्रैल से चल रहा है। इसमें भाजपा युवा मंडल बिरगांव से जुड़े करीब 30 मेंबर सुबह 8 से 9 बजे के बीच रोज श्रमदान से तालाब को साफ-सुथरा बनाने की पहल में जुटे हैं। घर से सफाई के लिए जरूरी सामान लेकर आने के बाद तालाब में फैली गंदगी को बाहर निकालते हैं। जिसे दूसरे दिन निगम की गाड़ी लेकर जाती है । ग्रुप से जुडे यशवंत निर्मलकर ने बताया कि श्रमदान देने वालों में ज्यादातर नौकरी पेशा लोग शामिल होते हैं।



### जनहित में कर रहे साफ-सफाई

युवाओं ने बताया कि वार्ड 40 में स्थित सरोरा के इस तालाब में आस-पास के लोग हर मौसम में नहाने के लिए आते हैं। इसकी सुध निगम के द्वारा नहीं ली जा रही है। इसे देखते हुए श्रमदान से इसकी साफ-सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि वार्ड के लोगों को साफ-सुथरा तालाब मिल सके। साथ ही आस-पास के लोगों को इसमें कचरा डालने से लोगों को रोकने के लिए भी सजग किया जा रहा है। इस अभियान में हर वर्ग के लोग रोज एक घंटे श्रमदान देते हुए जनभागीदारी दे रहे हैं।

14 अप्रैल से मांगलिक आयोजनों का शुरू होगा सिलसिला, सजा बाजार

# वैवाहिक सामग्री से सजा बाजार, पर्रा, मटका, मऊर, सील की पैकेजिंग, चमकदार धागे, कपड़े, और मोतियों से सजेंगे मंडप

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अप्रैल माह में विवाह के लिए अनेक शुभ मुहूर्त है, जिसमें हजारों जोड़ों का विवाह होने जा रहा है। इन दिनों बाजार में भी रौनक देखने को मिल रही है, गोलबाजार, महादेवघाट आदि प्रमुख स्थानों पर छत्तीसगढ़ी विवाह की रस्मों में उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर दुकानों में विवाह की सामग्री में भी पैकेज शामिल हो गया है। जिसमें विवाह में उपयोगी सभी वस्तुओं को पैकेज बनाकर खरीदा जा रहा है, इसमें वर-वधु पक्ष के लिए महत्वपूर्ण सामग्री रखी जाती है।



अप्रैल माह में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त होने से बाजार में खरीदारी बढ़ गई है, इन दिनों लोग समय बचत के लिए पैकेज में सामान खरीदना पसंद करते हैं। इसमें एक ही दुकान से सभी वस्तुएं उपलब्ध होती हैं। दुकान संचालकों के बताया कि युवक और युवती के विवाह की अलग-अलग रस्में निभाई जाती हैं। सभी रस्मों के लिए विशेष पूजन सामग्री की आवश्यकता होती है। इसके आधार पर निर्धारित कीमत पर पैकेज तैयार किया गया है।



### एक ही दुकान में सभी वस्तुएं उपलब्ध

*गोलबाजार स्थित दुकान के संचालक संजय सोनकर ने बताया कि बदलते वक्त के साथ अब लोग पैकेज में सामान लेना पसंद करते हैं। इसके लिए सभी दुकानों में विवाह की पर्याप्त वस्तुएं उपलब्ध हैं। लोगों के बजट में 2-3 हजार में सभी वस्तुएं दी जा रही हैं। इसमें पारंपरिक सिंदूर डिब्बी, हाथों से तैयार मऊर, कलावा, कपास, खील, हल्दी की गांठ, सिन्होरा आदि सामग्री शामिल है।*

### दुकानों में सज गए मटका और पर्रा



शादी के मौके पर परिवार के सदस्य समय बचाने के लिए रेडिमेड वस्तुएं खरीदनी शुरू कर दिए हैं। इसके लिए दुकान में उपलब्ध चुकिया, मउर, बड़ा दीपक, सील, पर्रा, मटके सजाए जा चुके हैं। गोलबाजार स्थित दुकान की संचालक तारा बाई ने बताया कि सजावट के बाद सभी वस्तुओं की कीमत में इजाफा हो जाता है। इस वर्ष मटकी की कीमत जोड़ी में 400-500 रुपए तक तय की गई। वहीं पर्रा की कीमत 250 रुपए तय है, जिसे चमकदार धागे, कपड़े, और मोतियों से सजाकर दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### सौरभ ने संभाला खनिज विकास निगम का कार्यभार सीएम ने दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ सिंह ने पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पदभार ग्रहण पर सौरभ सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, मुख्यमंत्री के सचिव एवं खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के प्रबंध संचालक सुनील जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ को मिले पांच नए आईपीएस




**रायपुर।** केंद्र सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 2024 बैच के 200 अधिकारियों को कैडर आवंटित कर दिया है। इस बार छत्तीसगढ़ को पांच नए आईपीएस अफसर मिले हैं, जिनमें दो को होम कैडर के रूप में अपने ही राज्य की सेवा करने का अवसर मिला है।

**इन्हें मिला छत्तीसगढ़ कैडर**
छत्तीसगढ़ की अपूर्वा अग्रवाल और अनुषा पिल्ले को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। इसके अलावा, दिल्ली के यश केंवट, उत्तर प्रदेश के आदित्य कुमार और महाराष्ट्र के प्रतीक बंसोड़ दादा साहब को भी छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया है।

**रेणु- संजय पिल्ले की बेटी हैं अनुषा**
छत्तीसगढ़ में भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व आईपीएस की बेटी हैं अनुषा पिल्ले। उन्होंने यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023 में 202वीं रैंक हासिल की थी। अनुषा का प्रशासनिक पृष्ठभूमि से गहरा नाता है। उनके भाई अक्षय पिल्ले भी यूपीएससी 2021 में 51वीं रैंक पर चयनित होकर ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

# देश में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने में छत्तीसगढ़ की बड़ी भूमिका : रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा, अन्वेषण कार्यों, तकनीकी नवाचारों और राजस्व उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और देश की प्रगति में राज्य की अग्रणी भूमिका की बात कही। उन्होंने देश में वर्ष 2024-2025 में कोयला उत्पादन में 1 बिलियन टन का लक्ष्य हासिल करने पर खुशी जाहिर की और इसे पाने में छत्तीसगढ़ के योगदान को सराहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने देश के पहले लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस अनुबंध दस्तावेज सफल बोलीदाता के प्रतिनिधि को सौंपे। साथ ही दंतेवाड़ा जिले के तीन और कांकेर जिले के एक लौह अयस्क ब्लॉक के प्रीफर्ड बिडर आदेश प्रदान किए।

**मुख्यमंत्री साय और कोयला मंत्री ने की खनिज विभाग की समीक्षा**



### छत्तीसगढ़ को मिला 14 हजार 195 करोड़ का राजस्व

खनिज राजस्व और अन्वेषण में ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने लगभग 14,195 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित किया है, जो प्रदेश की कुल आय का 23 प्रतिशत और जीएसडीपी का 11 प्रतिशत है। राज्य ने ई-नीलामी के माध्यम से 48 मुख्य खनिज ब्लॉक्स का सफलतापूर्वक आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि 2024-25 की 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 32 सामरिक, क्रिटिकल व डीप सीटेड खनिजों के लिए हैं। पिछले वर्षों में ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट,निकल-क्रोमियम-पीजीआई, गोल्ड जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के 10 ब्लॉक्स आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश का पहला लिथियम ब्लॉक कटघोरा में सफलतापूर्वक आवंटित हुआ है, जो ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है और यह हमारे राज्य की क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### कोयला-खनन क्षेत्र के लिए समीक्षा लाभदायक : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज की यह समीक्षा बैठक प्रदेश में कोयला एवं खनन के क्षेत्र के लिए लाभदायक होगी। हम केंद्र सरकार के साथ आवश्यक समन्वय करते हुए खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की भागीदारी को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। विकसित भारत के निर्माण में हमारा राज्य खनिज क्षेत्र के माध्यम से एक मजबूत स्तंभ बने, यही हमारा लक्ष्य है। श्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से परिपूर्ण राज्य है और संसाधनों का समुचित व सतत उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में अनेक नवाचारी पहल की गई हैं। हमारे राज्य में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, चूना पत्थर सहित कई क्रिटिकल खनिजों की उपलब्धता है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ ही देश की औद्योगिक प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती हैं। विकसित राष्ट्र की परिकल्पना के परिप्रेक्ष्य में सामरिक महत्व के खनिजों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा अपनी अन्वेषण योजना में व्यापक बदलाव करते हुए क्रिटिकल खनिजों के अन्वेषण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### केंद्र राज्य मिलकर काम करेंगे : रेड्डी

केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, चूना पत्थर जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के साथ-साथ देश का एकमात्र टिन उत्पादक राज्य होने का गौरव भी छत्तीसगढ़ को प्राप्त है। विकसित भारत के निर्माण में 'क्रिटिकल मिनरल्स' और खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ ने इस दिशा में जो अग्रणी कदम उठाए हैं, वे भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। केंद्र सरकार खनिज संसाधनों के अन्वेषण, सतत उपयोग और खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़, खनिज क्षेत्र में अपनी मजबूत भूमिका निभाते हुए देश के समग्र विकास में प्रभावी योगदान देता रहेगा।

### खनिज सचिव दयानंद ने दिया प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित खनन गतिविधियों एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खनिज संसाधनों के समुचित दोहन एवं प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का बेहतर समन्वय करते हुए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 28 प्रकार के खनिज मौजूद हैं। हमारा राज्य देश के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4% होने के बावजूद राष्ट्रीय खनिज उत्पादन मूल्य में 17% से अधिक का योगदान देता है और खनिज उत्पादक राज्यों में द्वितीय स्थान पर है।

### ये अधिकारी हुए शामिल

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सचिव अंकित आनंद, कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रुपिंदर बराड़, संयुक्त सचिव बीपी पति, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन, खनिज संचालक सुनील जैन एवं इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के अधिकारी सहित केंद्र तथा राज्य सरकार के खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# दुर्ग से रायपुर तक 18 से पदयात्रा 21 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नवरात्रि के समय जब पूरे देश में कन्याभोजन हो रहा था, तब छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक मासूम बच्ची के साथ अनाचार हो गया, उसकी हत्या हो गई। अबोध बच्ची के साथ जो दरिंदगी हुई, उसे सुनकर रूह कांप जाती है। कांग्रेस ने फैसला किया है, 18 से 21 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर तक पदयात्रा निकालेंगे और फिर 21 अप्रैल को ही मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

श्री बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद बेटियां, बहनें, मातायें सुरक्षित नहीं हैं। लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। अपराधी बेलगाम हो गए हैं, उनमें कानून का भय नहीं है। सरकार अपने आप में मस्त है, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को कानून की चिंता नहीं है, रोज हत्याएं, लूट, बलात्कार हो रहे हैं। सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम है।

सरकार और पुलिस से लोगों का भरोसा उठ गया है। इसी कारण दुर्ग में इस घटना के बाद संदिग्ध आरोपी के घर आगजनी की गई।


■ राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद बेटियां, बहनें, माताएं सुरक्षित नहीं : दीपक बैज

श्री बैज ने कहा, दुर्ग की यह घटना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था का उदाहरण है। जिसे गिरफ्तार किया गया, अपराधी बताया जा रहा, मृतका के परिजन उसे अपराधी मानने को तैयार नहीं हैं। पुलिस ने घर की महिलाओं और बुजुर्गों के साथ बर्बरता की हदें पार कर दीं, वहीं पुरुष परिजनों पर झूठा अपराध कबूल करने का दबाव बनाया गया। पुलिस घटना को लेकर आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने में लगी है। 8 लोगों को जेल भेज दिया गया। मृतक बच्ची के वृद्ध दादा को पुलिस ने अमानवीय तरीके से पीटा। अतः परिजनों की मांग के अनुसार पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। दुर्ग के एसपी को तत्काल हटाया जाए और टीआई को सस्पेंड किया जाए। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृह मंत्री अपने पद से इस्तीफा दे। गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो मुख्यमंत्री तत्काल गृहमंत्री को उनके पद से बर्खास्त करें।

# भाजपा करेगी डॉ. आंबेडकर पर प्रदेशभर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने प्रदेशभर में 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारतरत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम करने का फैसला किया है। राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा, डॉ. आंबेडकर के सम्मान को लेकर हम सबको मिलकर कार्यक्रम करना है। प्रदेश में जनता के बीच यह बताना है कि किस तरह से कांग्रेसी डॉ. आंबेडकर का अपमान करते हैं और भाजपा किस तरह से सम्मान करती है। श्री वाजपेयी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जयंती कार्यक्रम की श्रृंखला के दौरान हमें जिलों में जो भाजपा के न हों, जिनमें डॉक्टर, वकील, शिक्षक, सहित विभिन्न वर्गों के साथ ही ऐसे व्यक्ति, जो अनुसूचित वर्ग का नेतृत्व करते हों, ऐसे व्यक्तियों के पास जाना है। यह अभियान 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा। श्री वाजपेयी ने कहा, बॉम्बे प्रेसीडेंसी के चुनाव में बाबा साहब को कांग्रेस ने जीतने नहीं दिया, संविधान सभा के चुनाव में भी डॉ. आंबेडकर को हराया गया था, 1952 के लोकसभा चुनाव में उनको हराया गया और 1954 के भण्डारा के उपचुनाव में भी उनको हराया गया। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि पार्लियामेंट के भीतर बाबा साहब जैसा तेजस्वी व्यक्ति पहुंचे।



### कांग्रेस के कृत्यों का पर्दाफाश करें : बघेल

प्रदेश सरकार के मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, बूथ एवं मंडल स्तर पर हम तक सबको जाना है। डॉ. आंबेडकर के साथ कांग्रेस ने जो अन्याय किया, भेदभाव किया, अपमान किया, वह विस्तारपूर्वक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को बताना है। कांग्रेस ने अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को गलत प्रचार किया है। कांग्रेस द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के दिमाग में गलत जानकारियां भर दी गई हैं, इसलिए हमें उन क्षेत्र में जाना चाहिए जहां पर अनुसूचित जाति क्षेत्र के लोग अधिक हों और वहां कांग्रेस के कृत्यों को हमें बताना है, किस प्रकार डॉ. आंबेडकर का कांग्रेस ने लगातार अपमान किया। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला मुख्यालयों में होने वाली संगोष्ठियों में प्रदेश से जाने वाले वक्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष, अजा मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने किया।

### अनुभाग अधिकारियों की नई पदस्थापना

**रायपुर।** सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। सूची इस प्रकार है- नूतन अजगर ग्रामोद्योग से चिकित्सा शिक्षा विभाग, सुनील गिरडकर वित्त से उर्जा, सुनील कुमार मैत्री उर्जा से वित्त, भोलेनाथ सारथी खाद्य से वन जलवायु परिवर्तन, दीपकुमारी खेस्स वित्त से ग्रामोद्योग, अलेक्डेंर खाखा राजस्व से जनसंपर्क, भुवनेश्वर चंद्रवंशी वन जलवायु परिवर्तन से खाद्य, भुवनेश्वर कुमरे जनसंपर्क से राजस्व, प्रगति जोशी चिकित्सा शिक्षा से सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन, विजय कुमार साहू बीस सूत्रीय से वित्त विभाग में पदस्थ किए गए हैं।

**-: आम सूचना :-**

**वाके मौजा रायपुर खास प.ह.नं. 62 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित परिवर्तित भूमि शीट क्रमांक 28 भूखण्ड क्रमांक 66/3 रकबा 1150 वर्गफुट छ.ग. संबंध मे**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार मोहम्मद शोहेब पिता मोहम्मद रफीक निवासी झुलेलाल मंदिर गली, ईदगाह भाठा रायपुर छ०ग० वाले ने विक्रेता श्रीमती योगेश्वरी चन्द्राकर पति श्री तेजराम चन्द्राकर एवं योगमाया चन्द्राकर पति मालिक राम चन्द्राकर के स्वामित्व व आधिपत्य की वाके मौजा रायपुर खास प.ह.नं. 62 रा.नि.मं.रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित परिवर्तित भूमि शीट क्रमांक 28 भूखण्ड क्रमांक 66/3 रकबा 1150 वर्गफुट भूमि जिसे मेरे पक्षकार मोहम्मद शोहेब पिता मोहम्मद रफीक निवासी झुलेलाल मंदिर गली, ईदगाह भाठा रायपुर वाले ने सौदा किया है बतौर ब्याना राशि दो गवाहों के समक्ष प्रदान कर दिया गया है पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

इकरारशुदा सम्पत्ति पर जिस किसी भी संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग, वित्तीय निकाय, आसपास के भूमिधारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो मेरी इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्तियाँ मयदस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, अन्यथा मियाद गुजरने की गयी आपत्ति या दावा झूठा एवं गैरकानूनी माना व समझा जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगा । सो सूचना जानिए।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/04/2025

भवदीय
राष्ट्रपाल वान्द्रे (अधिवक्ता)
पता :- शिव चौक, पानी टंकी के पास डॉ. राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.
मोबाईल - 9131853108

**// आम सूचना //**

**(वाके मौजा डूण्डा प.ह.नं. 118/51 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. रायपुर विकास प्राधिकरण कि नगर विकास योजना क्रं. 04 कौशिल्य माता विहार (कमल विहार) में स्थिति आवंटित पुनर्गर्टित विकसित भूखण्ड 06 भूखण्ड क्रं. ए-75 में जिसका खसरा नंबर 48, 54 एवं 66 कसा भाग रकबा 58110 वर्गफुट भूमि है, के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 श्री ललित नवलखा 02 श्री अनिल नवलखा दोनों पिता स्व. श्री आर सी जैन रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि वाके मौजा डूण्डा प.ह.नं. 118/51 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. रायपुर विकास प्राधिकरण कि नगर विकास योजना क्र. 04 कौशिल्य माता विहार (कमल विहार) में स्थिति आवंटित पुनर्गर्टित विकसित भूखण्ड 06 भूखण्ड क्रं. ए-75 में जिसका खसरा नंबर 48, 54 एवं 66 कसा भाग रकबा 58110 वर्गफुट भूमि है जिससे क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि देकर इकरानामा निष्पादित कर चुका है केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन कि कार्यवाही शेष है । अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय शासकीय को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 11/04/2025

एन. के. पटेल
हरिश साहू, आशीष तिवारी, कुंदन पटेल (अधिवक्तागण)
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर टिकरापारा रायपुर छ.ग. मो.नं. 9425510595, 8319942960

**शपथ पत्र**

मैं काशवी मलंग पति श्री अंकित मलंग निवासी ई-84, राजेन्द्र पार्क, अनमोल सुपर बाजार के पास, महावीर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम काशवी मलंग पति श्री अंकित मलंग है, जो सही है।
2. यह कि मेरा नाम विवाह के पूर्व मनीषा महेशकुमार मखीजा था, तथा विवाह उपरांत मुझे काशवी मलंग के नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है एवं मेरा विवाह प्रमाण पत्र में मेरा नाम टंकण त्रुटिवश मनीषा मलंग अंकित हो गया हैं।
3. यह कि काशवी मलंग एवं मनीषा महेशकुमार मखीजा दोनों नाम मेरा ही है।
4. यह कि मेरे द्वारा यह शपथ काशवी मलंग एवं मनीषा महेशकुमार मखीजा दोनों नाम मेरा ही है के संबंध में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखों में काशवी मलंग पति श्री अंकित मलंग ही अंकित किया जावे के, समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि ऊपर उल्लेखित शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 तक के कथन मेरी स्वयं की जानकारी एवं ज्ञान मे सत्य एवं सही है। जिसे मैंने अपने हस्ताक्षर/अंगूठा कर आज दिनांक को रायपुर मे सत्यापित किया।

स्थान रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 08.04.2025

काशवी
शपथकर्ती

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 8258 दिनांक 25.09.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम. आई.जी.- I फ्लैट, मीड-तल-08/205 को श्रीमती भगवती साहू पति श्री नवीन चन्द्र साहू के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 06.05.2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती भगवती साहू पति श्री नवीन चन्द्र साहू निवासीः- फारेस्ट ऑफिस के सामने, महारानी हॉस्पीटल रोड़, प्रताप देव वार्ड- 11, संजय मार्केट जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती सीता चन्द्रा पति श्री मंगलेश्वर कुमार चन्द्रा निवासी :- एम.आई.जी.- I द्वितीय तल ब्लॉक नं. 08, फ्लैट नं. 205, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, थाना-राखी, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है । अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी.- I फ्लैट, मीड-तल- 08/205 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव, तह. / जिला रायपुर, छ.ग.**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक 09/04/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपम कुमार अग्रवाल पिता रामकृष्णा अग्रवाल निवासी पुरानी बस्ती, रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 21/3, 21/5 रकबा 0.373 हे. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 0.373 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.02.2025 के परिपालन में दिनांक 25/04/2025 को समय अपरान्ह 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 60 के भाठांगाव स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी/दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-13-भाठागांव

HEALTH TOWN

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Spoken English & Personality Development
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
Creative Classrooms & Play-Based Education
Sports, Arts & Music for Holistic Growth
Safe & Nurturing Environment
Interactive Events & Competitions
Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Register Now at www.rpsraipur.com
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक
कम्बल रजाई
कम्फर्ट दोहड़
सोफा कमबेड
प्रोटेक्टर
सोफा कव्हर
रुई गद्दा
टावेल
तकिया
रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर
विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# सीएम ने की पर्यटन विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ को देश के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन, वन और जल संसाधन विभाग एकीकृत कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन आधारित पर्यटन, महानदी, इन्द्रावती नदियों प्रदेश के प्रमुख बांधों में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाए। प्रदेश की शक्ति पीठों में पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख पर्यटन स्थलों में आस-पास के स्थलों को शामिल कर पर्यटन सर्किट और कारीडोर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से सहायता के लिए प्रदेश की पर्यटन परियोजनाओं के नये प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए।



## वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में जल क्रीडा गतिविधियों के विकास के लिए भी काफी संभावनाएं हैं। हमारी सरकार ने धमतरी में गंगरेल बांध, महासमुंद के कोडार बांध, कोरबा के मिनी माता हसदेव बांगो बांध, सरोदा बांध, बस्तर के चित्रकोट जलप्रपात में वाटर बोटिंग के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की विभिन्न नदियों, बांधों में भी स्थल चिन्हांकित कर वाटर स्पोर्ट्स के रूप में विकसित किया जाए। बस्तर में चित्रकोट जलप्रपात, दंतेवाड़ा, ढोलकल, टाटामारी, बारसूर, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में तीरथगढ़, कुटुमसरगुफा, धुडमारास, तामड़ा घूमर, महेन्द्रिघूमर जलप्रपात को शामिल कर बस्तर कारीडोर विकसित किया जाए। इसकी राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग की जाए।

**मंत्रालय में की समीक्षा :** मुख्यमंत्री श्री साय शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में ईको टूरिज्म, एथेनिक टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, हेरीटेज टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर, सरगुजा सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाए। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, गुरू घासीदास तमोर पिंगला राष्ट्रीय उद्यान, बारनवापारा अभ्यारण, अचानकमार अभ्यारण्य, टाटामारी व्यू प्वाइंट जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ उस क्षेत्र के समीप स्थित छोटे-छोटे पर्यटन स्थलों को शामिल कर सर्किट और कारीडोर विकसित करने के लिए योजना तैयार की जाए। प्रदेश के धार्मिक महत्व, ऐतिहासिक महत्व और पुरातात्विक और नैसर्गिक महत्व के स्थलों को चिन्हांकित कर पर्यटन की दृष्टिकोण से बेहतर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने ईको टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के भी

# आरडीए के नए अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के नए अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व उन्होंने अपने कक्ष में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील कुमार सोनी, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छग भवन एवं अन्य सन्नर्मिाण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू, लौहशिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत कई पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक गाजे-बाजे के साथ नाचते झूमते देखे गए। इस दौरान आरडीए के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस भी शामिल हुए। इसके अलावा दिलीप साहू, जितेन गोलछा, प्रदीप साहू, गिरधर साहू, शशांक मिश्रा, नंदू साहू, तुलसी साहू, गौतम साहू आदि ने व्यवस्था संभाली।

# बिगड़ी कानून व्यवस्था से लोगों में रोष, राज्यपाल तक बात पहुंचाने देंगे ज्ञापन

रायपुर। शहर सहित प्रदेशभर में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। लगातार अनाचार, मारपीट, चोरी, लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं। असुरक्षा की स्थिति को लेकर लोगों में रोष है। कुछ दिनों पहले मोवा थाने में पुलिस द्वारा गोपाल दास डहरिया को बिना किसी कारण के ही पीटा गया। न्याय मांगने व



एफआईआर दर्ज करने की मांग करने पर सामाजिक लोगों पर झूठा मामला दर्ज किया जा रहा है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में इन मुद्दों को लेकर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र गैरिषा ने बताया कि शासन-प्रशासन की बेरुखी से लोग भी परेशान हैं। थाने में बिना किसी कारण के पीटा जा रहा और न्याय मांगने के लिए सड़क पर उतरते ही झूठे केस बनाए जा रहे हैं।




## संकटमोचन हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम आज



रायपुर। बुढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में शनिवार तड़के 4 बजे दूध दही पंचामृत से हनुमानजी का अभिषेक किया जाएगा। जन्मोत्सव की आरती सुबह 5 बजे की जाएगी। दैनिक आरती 8 बजे सुबह होगी। दोपहर 12 बजे भोग राग आरती ब्राह्मण भोज एवं साधु, संत, महंत एवं पुजारी को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। संध्या 8 बजे महाआरती का आयोजन किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।









# 22 सौ घर पीएम सूर्य योजना से रोशन, 38 हजार कतार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से प्रदेश के 22 सौ घर रोशन हो गए हैं। अभी 38 हजार उपभोक्ता कतार में हैं। इसमें और बूम आने की संभावना है, लेकिन फिलहाल केंद्र सरकार के पोर्टल में कुछ तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसको ठीक करने का काम चल रहा है।

इधर अब योजना में प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बजट में दो सौ करोड़ का प्रावधान भी हो गया है। कितने किलो वॉट तक कितनी सब्सिडी देनी है, इसकी जानकारी सामने आने के बाद आवेदनों की संख्या में और इजाफा होगा। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देशभर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

### अब प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी में

#### कितने किलोवाट पर कितना खर्च

योजना के लिए तीन सौ से ज्यादा वेंडर तय किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।




#### हर आय वर्ग को सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है।

#### अब आवेदनों की बाढ़

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 38 हजार आवेदन आ गए हैं। फरवरी में आवेदन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नया पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसके कारण आवेदन करने की रफ्तार धीमी हो गई है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया अस्पतालों का दौरा

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से, छत्तीसगढ़ दौरे पर आए संयुक्त सचिव (पॉलिसी) सौरभ जैन ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार 11 अप्रैल को वे जिला अस्पताल पंडरी, यूपीएससी राजातालाब एवं पीएससी मंदिर हसौद का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, संस्था की साफ सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल, कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप और स्वच्छता एवं अन्य समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी मौजूद थे।

### ज्ञानदीप विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रायपुर।** ज्ञानदीप विद्या मंदिर में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेश कुमार के आगमन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डायरेक्टर बीटी कुमार, माधवी ने कक्षा पीपी 2 के छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक योग्यता के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। नर्सरी तथा पीपी 1 के छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डी सुनीता राव ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्राओं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महापौर ने शहीद राजीव पांडेय को दी पुष्पांजलि



**रायपुर।** विश्व की सबसे दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगा फहराने वाले शहीद राजीव पांडेय की जयंती पर शुक्रवार को महापौर मीनल चौबे ने उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। शहर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### विरोध प्रदर्शन को सीजीडीएफ का समर्थन

**रायपुर।** जांजगीर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के खिलाफ चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा समर्थन दिया गया है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि फेडरेशन चिकित्सकीय स्टाफ के साथ है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि दूसरे जिले से अगर किसी चिकित्सक की ड्युटी जांजगीर जिले में लगाई जाती है तो वे भी चिकित्सकीय स्टाफ के समर्थन में खुद को सेवा से अलग रखे।

### उप मुख्यमंत्री ने की नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा

# एक्शन-प्लान बनाकर नगरीय निकायों के अधूरे काम समय पर करें पूरा : साव

नालंदा परिसरों और अटल परिसरों का निर्माण तेजी से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नीर भवन में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

#### बदलनी है शहरों की सूरत और सीरत

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है।



*अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।*

*जल प्रभारी को नोटिस : श्री साव ने आमदी नगर पंचायत में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जल प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिए। सुडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, सचित साहू एवं उप महाप्रबंधक रमेश सिंह सहित नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा के अधिकारी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।*

#### साव बोले- सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए कार्यों के साथ ही सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता पर भी खास ध्यान देने को कहा, ताकि सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और सक्रियता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी कार्य या कार्यालय के औचक निरीक्षण के लिए किसी भी दिन पहुंच सकते हैं। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। श्री साव ने यह बात लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में प्रदेशभर में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में कसावट लाने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पूरा करने और प्रभावी कार्य पद्धति अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा के दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि 130 सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता कमजोर है। इन सड़कों का गुणवत्ता परीक्षण 72 घंटे में करने के लिए कहा गया है।

**हर हफ्ते करें कार्यों की समीक्षा :** उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करने को कहा।

## जिलाध्यक्ष ने 61 पदाधिकारियों को हटाया, 16 को नोटिस, कहा- एनएसयूआई मस्ती का मंच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने की कवायद शुरू
- एनएसयूआई से शुरुआत, पहली बार इतनी बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई

एनएसयूआई में बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 61 पदाधिकारियों को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा रायपुर जिले के 16 पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा द्वारा यह कार्रवाई की गई है। छात्र संगठन का कहना है कि यह कार्रवाई उन पदाधिकारियों पर की गई है जो संगठनात्मक गतिविधियों से लंबे समय से दूरी बनाकर निष्क्रिय बने हुए थे। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया, कुछ पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त किया गया है, जबकि कुछ को अंतिम अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यवाही न तो व्यक्तिगत है और न ही भावनात्मक। यह पूरी तरह संगठन की गरिमा, अनुशासन और सक्रियता के आधार पर की गई है। हटाए जाने वाले पदाधिकारी उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर थे।

#### किए जाएंगे बड़े बदलाव

आने वाले समय में संगठन के भीतर और भी बड़े बदलाव किए जाएंगे, जिससे एनएसयूआई एक अनुशासित, सक्रिय और विचारशील इकाई के रूप में खड़ा हो सके।

\- **शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## रेलवे में पहली बार जनदर्शन : यात्रियों ने उठाए मुद्दे कार्य में कोताही पर अधिकारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर व दुर्ग स्टेशन पर रेलवे स्टेशन व ट्रेन में होने वाली समस्याओं को दूर करने अधिकारियों ने यात्रियों की सुनी

यात्रियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों, वेंडर्स, कुलियों और पार्सल लीज होल्डर्स से उनके अनुभव और समस्याएं सुनीं। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाओं में वृद्धि की शिकायत की। आवेदक ने दो मोबाइल चोरी की घटनाओं का भी उल्लेख किया। इस पर सीनियर डीसीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उन्होंने डार्क एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगाने, ट्रेनों में आरपीएफ और जीआरपी की गश्त बढ़ाने और टीटीई स्टाफ को चोरियों के प्रति सतर्क रहने की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता जताई।

#### नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग

जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों की शिकायतें और सुझावों को ध्यान से सुना और इन्हें कागज पर नोट किया। यात्रियों ने स्टेशन और ट्रेनों में सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने, महिला प्रतीक्षालय में पुरुषों के बैठने की



समस्या को लेकर सख्ती से पालन कराने की मांग की। यात्रियों का कहना था कि रेलवे ने महिलाओं के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन पुरुषों द्वारा इस जगह पर बैठने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे महिलाओं को असुविधा होती है। इसके समाधान के लिए आरपीएफ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

#### सभी रूट में थर्ड जेंडर करते हैं परेशान

यात्रियों ने ट्रेनों में सफर के दौरान थर्ड जेंडर से होने वाली परेशानियों का मुद्दा भी उठाया, जो कि सभी रूट की ट्रेनों में सामान्य समस्या बन गई है। साथ ही, स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित सफाई की भी आवश्यकता जताई गई। पेयजल की व्यवस्था, खानपान सेवाओं की गुणवत्ता, और अन्य सुविधाओं पर भी चर्चा की गई, ताकि यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लिया गया और उन्हें जल्द सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

#### शिकायत भी, अधिकारी ने लगाई डांट

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्रियों को आश्वस्त किया, उनकी शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। संबंधित अधिकारियों से तुरंत वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। कार्य में कोताही के लिए संबंधितों को डांट भी लगाई। उन्होंने बताया कि रेलवे यात्रियों की संतुष्टि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह के जनदर्शन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

## अवैध कब्जे हुए तो जोन कमिश्नर सहित ईई-एई को देना होगा जवाब

- विधायक राजेश मूणत ने की पार्षदों की मौजूदगी में 20 वार्डों के कामों की समीक्षा
- अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें- मीनल चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सभी वार्ड के पार्षदों सहित नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, आयुक्त विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक में उन्होंने दो टूक में कहा कि किसी भी वार्ड में अवैध कब्जा होता है, तो इसका जवाबदेह जोन कमिश्नर के साथ उस क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता होंगे, जिसका उन्हें जवाब देना होगा। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने भी कहा कि अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें और तत्काल रोक लगाते हुए कार्रवाई करें।

#### पेजयल-सफाई पर प्राथमिकता से करें कार्य

विधायक राजेश मूणत ने बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने एवं पेयजल आपूर्ति सुगमता हो। इसे प्राथमिकता बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सफाई के कार्य से जुड़े कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस सहित उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी विवरण फोटो प्रमाण सहित रखना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निजी कालोनियों एवं बिल्डरों के आवासीय परिसरों के रहवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने योजनाबद्ध तरीके से नीति तैयार करने कहा है।

#### जोन प्लान बनाने दिए निर्देश

विधायक ने शहर में जोन प्लान बनने पर जोर दिया। इस प्लान से शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की परिकल्पना साकार करने के कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने अवैध अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देश दिए। उन्होंने जोन कमिश्नरों एवं अधिकारियों को अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने एवं गोडाउन बनाकर रखे पार्किंग क्षेत्रों को गोडाउन हटाकर कब्जामुक्त कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्ष में स्वीकृत कार्यों में जो अब तक अपूर्ण हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण करने के लिए कहा है।





#### इन मार्गों को विकसित करने दिए सुझाव

राजेश मूणत ने बैठक में जीई मार्ग, कोटा मुख्य मार्ग, आमानाका रोड, केनाल लिंकिंग रोड, खालबाड़ा से अशोक नगर जाने वाले मार्ग, डंगनिया मार्ग को स्मार्ट रोड की तरह विकसित करने जनहित में सुझाव भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन मार्गो को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्तकर और पार्किंग की व्यवस्था कर स्मार्ट रोड बनाया जाए।

#### बूढ़ातालाब में गुमटियों के निर्माण पर रोक लगाकर करें कार्रवाईः चौबे



महापौर मीनल चौबे ने बैठक में गर्मी में वार्डो में जल संकट को गंभीरता लेते हुए सभी वार्डो में जल संकट का निदान करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। महापौर ने बूढ़ातालाब में हो रहे 100 गुमटियों के निर्माण को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने, अधिकारियों को कहा कि इस पर तत्काल रोक लगाकर कड़ी कार्रवाई करें।

## कलेक्टर ने की कृषि विभाग कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से जिले में चल रहे कृषि योजनाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कहा कि फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने से लेकर खाद-बीज का अग्रिम उठाव का लक्ष्य तय करने, फसल बीमा लेने किसानों को प्रोत्साहित करने और उद्यानिकी फसलों में नवाचार करने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने कहा कि जिले के नर्सरी को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए आत्मनिर्भर बनाएं ताकि वे लाभ अर्जित कर सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडिसिनल प्लांट और फ्लोरीकल्चर का क्लस्टर तैयार करें और खाद-बीज का पर्याप्त मात्रा में भंडारण करें। साथ ही मत्स्य विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने निर्देशित किया। बैठक में कृषि विभाग, मत्स्य विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### लिमिटेड टाइम ऑफर वाली मेगा सेल को जबरदस्त रिस्पॉन्स



**रायपुर।** गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट नंबर-3 के सामने, घड़ी चौक स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल में आयोजित लिमिटेड टाइम मेगा सेल को राजधानीवासियों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस सेल में डायरेक्ट फैक्ट्री से मिलने वाले लेटेस्ट और ट्रेंडिंग गारमेंट्स सहित घरेलू उपयोग की वस्तुएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयोजक के अनुसार, यहां नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेडीज वियर जैसे कैपरी, क्रॉप टॉप, लॉन्ग टॉप, मिनी टॉप, शिफॉन टॉप, पार्टीवियर टॉप, कुर्ती, प्लाजो, जींस आदि खास रेंज में उपलब्ध हैं। साथ ही पारंपरिक भारतीय परिधानों में कॉटन, बनारसी, भागलपुरी, कांचीवरम और सिल्क साड़ियों की भी विशेष मांग देखी जा रही है। वहीं लाइटवेट और शिफॉन साड़ियों की आकर्षक वैरायटी भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। पुरुषों के लिए भी इस सेल में कई ब्रांडेड शर्ट्स, ट्राउजर्स, बैगी पैंट्स, कार्गो और टी-शर्ट्स शामिल हैं।

### नंदनवन जू एंड सफारी में समर कैंप, पंजीकरण आज से शुरू



**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को पर्यावरण और वन्यजीवन के करीब लाने की पहल के तहत नंदनवन जू एंड सफारी, नवा रायपुर द्वारा 'समर कैंप-2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दो चरणों में संचालित होगा। पहला चरण 20 से 26 अप्रैल और दूसरा चरण 1 से 7 मई 2025 तक चलेगा। 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए तैयार इस कैंप में प्रत्येक चरण में अधिकतम 25 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर चुने जाएंगे। समर कैंप में नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, वन्यजीव आधारित खेल, प्रकृति विषयक कला एवं शिल्प, जैवविविधता की पहचान और संरक्षण नेतृत्व जैसे कई रोचक और शैक्षणिक गतिविधियां रखी गई हैं। कैंप के लिए पंजीकरण 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा और 17 अप्रैल की रात 11.59 बजे तक खुला रहेगा।

